लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

दैनिक अमन लेखनी



बढ़ती उम्र में .........



जब रात में ना आए नींद .........

वर्ष : 11 अंक : 141 लखनऊ, 09 मई, शुक्रवार 2025 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

# प्रधानमंत्री मोदी ने सचिवों के साथ बैठक की

## सतर्कता और परिचालन तैयारियों पर बल दिया

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर बृहस्पतिवार को विभिन्न मंत्रालयों के सचिवों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और निरंतर सतर्कता तथा स्पष्ट संवाद बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा और परिचालन तैयारियों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि बैठक के दौरान जिन मुद्दों पर चर्चा की गई उनमें नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना, गलत सूचना और फर्जी खबरों से निपटने के प्रयास और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल था।

मंत्रालयों को राज्य प्राधिकारियों और जमीनी स्तर के संस्थानों के साथ निकट समन्वय बनाए रखने की भी सलाह दी गई। उच्च स्तरीय बैठक में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों ने भाग लिया तथा राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रम के मद्देनजर राष्ट्रीय स्तर पर तैयारियों और अंतर-मंत्रालयी समन्वय की समीक्षा की गई।

बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी ने परिचालन निरंतरता और संस्थागत तालमेल के लिए मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। इसमें कहा गया है, देश के संवेदनशील दौर से गुजरने के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने निरंतर सतर्कता, संस्थागत तालमेल और स्पष्ट संचार का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा, परिचालन तैयारियों और नागरिक सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। यह बैठक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले करने के एक दिन बाद हुई। हमले में जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा के अड्डे मुरीदके को निशाना बनाया गया है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा 26 नागरिकों की हत्या के लगभग दो सप्ताह बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य हमले किए गए। बैठक के दौरान मोदी ने वर्तमान स्थिति से निपटने के लिए मंत्रालयों की योजना और तैयारी की समीक्षा की।

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ आ खड़ा हुआ ब्राजील

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हाल ही में हुई फोन कॉल में ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के युद्ध में अपने देश के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। ब्राजील के राष्ट्रपति ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की और जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमलों की निंदा की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भारत के प्रयासों की सराहना की, जो एक सैन्य अभियान था जिसे भारत सरकार ने क्षेत्र से आतंकवादी समूहों को खत्म करने के लिए शुरू किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ₹ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में लोगों की मौत पर संवेदना व्यक्त की।

# दुनिया ने फिर देखा भारत का शौर्य

## ऑपरेशन सिंदूर पर बोले राजनाथ सिंह, सेना की कार्रवाई पर गर्व

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन को आज संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि हमारी सशस्त्र बलों ने, कल जो कार्रवाई की है, जो शौर्य और पराक्रम दिखाया है, उसके लिए उन्हें बधाई देता हूँ। पाकिस्तान और पीओके में, जिस तरह से हमारी सशस्त्र बलों ने आतंकी शिविरों को नेस्तनाबूद किया है, वह हम सबके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को जिस सटीकता से अंजाम दिया गया, वह अकल्पनीय है, बहुत प्रशंसनीय है। इसमें नौ आतंकी शिविरों को नष्ट किया गया और बड़ी संख्या में आतंकियों को मार गिराया गया। यह ऑपरेशन बिना किसी निर्दोष को नुकसान पहुंचाए और न्यूनतम संपार्श्विक क्षति के साथ किया गया।

राजनाथ ने कहा कि 2014 में माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में, हमारी सरकार आने के बाद, प्रधानमंत्री जी ने हमें एक अत्यंत महत्वपूर्ण सूत्र प्रदान किया। उन्होंने शुरूआत में ही, रक्षा उत्पादन क्षेत्र का सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया। उन्होंने जो सूत्र दिया, उसके पीछे की दर्शन थी, रक्षा संप्रभुता की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने रक्षा उत्पादन में गुणवत्ता और मात्रा, दोनों पर समान रूप से बल दिया है। इसी दिशा में कई क्रांतिकारी कदम उठाए गए, जिनमें से कुछ महत्वपूर्ण कदमों का उल्लेख, मैं यहाँ करना चाहूंगा। आयुध कारखानों का निगमीकरण, उनमें से एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण कदम रहा है, जिसे हमने ेल्ल२४१ किया, ताकि कम समय में ही रक्षा उत्पादन में व्यापक सुधार हो सके। इससे पहले राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को सर्वदलीय बैठक में कहा कि पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए मिसाइल हमलों में कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों का कहना है कि रक्षा मंत्री ने बैठक में शामिल नेताओं को यह भी बताया कि यह एक जारी अभियान है और अगर भारत के लक्षित हमले के मद्देनजर पाकिस्तान कोई सैन्य कदम उठाता है तो भारत मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह ने यह सूचित किया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाई में कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए हैं।

बैठक में शामिल सभी दलों के नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सरकार का समर्थन किया और सशस्त्र बलों के प्रति एकजुटता प्रकट की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यह मांग उठाई कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए, जिससे अच्छा संदेश जाएगा।

### मौसम



अधिकतम तापमान 26.c

न्यूनतम तापमान 11.c

### बाजार



सोना 7,177/ g



चांदी 96/ g



सेंसेक्स 78,271.28

निफटी 23,696.30

## भारत-पाक तनाव के मद्देनजर कर्नाटक सरकार ने एहतियाती कदम उठाए: सिद्धरमैया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार ने पूरे राज्य में अलर्ट जारी कर दिया है और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर एहतियाती कदम उठाए हैं। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन किया जा रहा है। सिद्धरमैया ने राज्य में बांधों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ाए जाने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, हमने हर जगह अलर्ट जारी कर दिया है, क्योंकि कभी भी कुछ भी हो सकता है। हमने सतर्कता बरती है। उन्होंने कहा कि सभी स्थानों पर मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है और केंद्र द्वारा जारी निर्देशों का पालन किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इस आरोप के बारे में पूछे जाने पर कि राज्य सरकार ने कर्नाटक में अभी भी मौजूद कुछ पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश भेजने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की है, मुख्यमंत्री ने कहा, लगभग सभी लोग चले गए हैं। मैसूर का एक परिवार अदालत चला गया है। शायद ऐसे ही मामलों में कुछ बचे होंगे, नहीं तो सभी चले गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में अभी भी कितने पाकिस्तानी नागरिक मौजूद हैं, इसकी सही संख्या के बारे में उनके पास जानकारी नहीं है।

# पाकिस्तान ने कई भारतीय शहरों पर की हमले की कोशिश

## हमने लाहौर में एयर डिफेंस सिस्टम किया तबाह : कर्नल सोफिया कुरैशी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच विदेश मंत्रालय एक महत्वपूर्ण मीडिया ब्रीफिंग किया। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि 07 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर पर प्रेस वार्ता के दौरान, भारत ने अपनी प्रतिक्रिया को केंद्रित, मापा और गैर-एस्केलेटरी बताया था। यह विशेष रूप से उल्लेख किया गया था कि पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना नहीं बनाया गया था। यह भी दोहराया गया था कि भारत में सैन्य ठिकानों पर कोई भी हमला उचित जवाब को आमंत्रित करेगा। 07-08 मई 2025 की रात को, पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों को शामिल करने का प्रयास किया। इन्हें एकीकृत काउंटर यूएएस ग्रिड और वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा निष्प्रभावी कर दिया गया। इन हमलों के मलबे अब कई स्थानों से बरामद किए जा रहे हैं जो पाकिस्तानी हमलों को साबित करते हैं।

उन्होंने बताया कि आज सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में



कई स्थानों पर एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। भारत की प्रतिक्रिया भी पाकिस्तान की ही तरह उसी तीव्रता से रही है। विश्वसनीय जानकारी के अनुसार लाहौर में एक एयर डिफेंस सिस्टम को निष्क्रिय कर दिया गया है। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामुल्ला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टरों में मोर्टार और भारी कैलिबर आर्टिलरी का उपयोग करते हुए नियंत्रण रेखा पर अपनी अकारण गोलीबारी की तीव्रता बढ़ा दी है। पाकिस्तानी गोलीबारी के कारण 16 निर्दोष लोगों की जान चली गई है, जिनमें तीन महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं। भारत को पाकिस्तान की ओर से मोर्टार और आर्टिलरी की गोलीबारी को रोकने के लिए जवाबी कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा। भारतीय सशस्त्र बल गैर-वृद्धि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं, बशर्ते कि इसका पाकिस्तानी सेना द्वारा सम्मान किया जाए।

भारत द्वारा पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर हमले के बाद अमेरिका की यूनाइटेड एयरलाइंस और कोरियन एयर समेत कई एयरलाइनों की फ्लाइट्स डायवर्ट की गईं हैं या रद्द कर दी गई हैं। जबकि भारत में दर्जनभर एयरपोर्ट बंद कर दिए गए हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार फ्लाइट्स ट्रैकिंग वेबसाइट्स की तस्वीरों में दिख रहा है कि हमले के बाद ओमान, यूएई और कुवैत के ऊपर से गुजरने वाली एयरलाइनों की लंबी कतार दिखाई दे रही है, जिससे हवाई क्षेत्र में भीड़भाड़ की संभावना बढ़ गई है।

### संक्षिप्त समाचार

## भारत में 30 फीसदी से अधिक लड़कियों, 13 फीसदी लड़कों ने 18 साल से कम उम्र में यौन उत्पीड़न झेला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत में 2023 में 18 साल से कम उम्र की 30 प्रतिशत से अधिक लड़कियों और 13 प्रतिशत लड़कों ने यौन हिंसा का अनुभव किया। लांसेट पत्रिका में प्रकाशित एक विश्लेषण से यह जानकारी सामने आई। अध्ययन में 1990 और 2023 के बीच 200 से अधिक देशों में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा की व्यापकता का अनुमान लगाया गया है। अनुमान में यह पता चलता है कि दक्षिण एशिया में यौन हिंसा का शिकार होने के मामले में लड़कियां शीर्ष पर हैं जिसमें बांग्लादेश में 9.3 प्रतिशत से लेकर भारत में 30.8 प्रतिशत तक लड़कियां यौन उत्पीड़न का शिकार हुई हैं। अध्ययन के अनुसार, दुनिया भर में पांच में से एक लड़की और सात में से एक लड़के के 18 साल की उम्र से पहले यौन हिंसा का अनुभव करने का अनुमान है। अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन में इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन के शोधकताओं सहित अन्य ने यह भी पाया कि उप-सहारा अफ्रीका में 18 वर्ष से कम उम्र के लड़कों के बीच यौन हिंसा की दर अधिक थी, जो कि जिम्बाब्वे में लगभग आठ प्रतिशत से लेकर पश्चिम अफ्रीकी देश कोट डिलवोइर में 28 प्रतिशत तक है। बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य और मानवाधिकार मुद्दा बना हुआ है। यौन शोषण और उसके बाद के परिणाम मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति के जोखिम को बढ़ाते हैं तथा उनके दीर्घकालिक स्वास्थ्य पर असर डालते हैं। शोधकताओं ने कहा कि मौजूदा अध्ययन सीमित संख्या में देशों के लिए अनुमान प्रस्तुत करते हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कांग्रेस का नया प्लान, देश भर में निकालेगी 'जय हिंद यात्रा'

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विपक्षी नेताओं को जानकारी देने के लिए सर्वदलीय बैठक हुई। सरकार ने इस मुद्दे पर राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता बताई। मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी समेत विपक्षी नेताओं ने सरकार और सेना के साथ एकजुटता व्यक्त की। वहीं, कांग्रेस सहीत तमाम विपक्षी दल इसको लेकर खुश हैं। इस बीच खबर यह है कि कांग्रेस पार्टी कल देशभर की सभी प्रदेश कांग्रेस कमिटी (पीसीसी) इकाइयों में 'जय हिंद यात्रा' निकालेगी। इस बात की जानकारी कांग्रेस सूत्रों की ओर से दी गई है।

वहीं, सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है। जैसा कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने कहा, उन्होंने (सरकार ने) कहा कि कुछ चीजें हैं जिन पर हम चर्चा नहीं करना चाहते हैं। कांग्रेस सांसद और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बैठक में हमने सुना कि उन्हें (केंद्र को) क्या कहना था। उन्होंने यह भी कहा कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे के कारण कुछ गोपनीय जानकारी साझा नहीं कर सकते। हमने उनसे कहा कि हम सब सरकार के साथ हैं। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हमारा रुख बिल्कुल साफ है। आतंकवाद को खत्म करने के लिए भारतीय सेना और सरकार जो भी कदम उठाती है, हम उसका समर्थन करते हैं। जहां तक सर्वदलीय बैठक का सवाल है, तो बेहतर होता कि प्रधानमंत्री उसमें होते।

आप सांसद संजय सिंह ने कहा ने पहले कहा कि बैठक में भारतीय सेना द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में हमें जानकारी दी जाएगी। कल जिस तरह से उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया, जिसके बाद मसूद अजहर चिल्लाता हुआ और यह कहता हुआ नजर आया कि वह धमकी भरा प्रेस रिलीज जारी करेगा, उससे पता चलता है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर पोषित और पोषित आतंकी संगठनों को बड़ा सबक सिखाया है...मैं दिनेश शर्मा के सर्वोच्च बलिदान को नमन करता हूं।

## इजराइल ने अपने नागरिकों से कश्मीर छोड़ने को कहा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर इजराइल ने अपने नागरिकों के लिए मौजूदा यात्रा परामर्श को अद्यतन किया है, जिसमें कश्मीर क्षेत्र में रहने वाले लोगों से तुरंत इलाका छोड़ने का आग्रह किया गया है। संशोधित परामर्श भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आतंकी ठिकानों पर हमले किए जाने के बाद बुधवार को आया। पाकिस्तानी सेना ने जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास सीमावर्ती गांवों को निशाना बनाकर तेज गोलाबारी की।

## महाराष्ट्र में 45 लाख रुपये मूल्य के जाली नोट जब्त, छह लोग गिरफ्तार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

ठाणे, ठाणे में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 45 लाख रुपये से अधिक मूल्य की जाली भारतीय मुद्रा जब्त की हैं। बृहस्पतिवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अमरसिंह जाधव ने बृहस्पतिवार को पत्रकारों को बताया कि भिवंडी शहर में एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के कार्यालय में नकली नोट छापे जा रहे थे। भिवंडी पुलिस की अपराध शाखा ने एक गुप्त सूचना के आधार पर तीन मई को अवचितपाड़ा में छापेमारी कर सूरज तानाजी शेंडे, भरत वल्कु सासे और स्वप्निल जगदीश पाटिल के पास से 30 लाख रुपये मूल्य के 500-500 रुपये के नकली नोट जब्त किए। डीसीपी ने बताया कि दो दिन बाद रामदास शालिक दलवी, विजय कारनेकर उर्फ विक्की और शेखर रामदास बट्टिन को गिरफ्तार कर लिया गया, जिनके पास से 15,50,000 रुपये के जाली नोट जब्त किए गए। पुलिस ने सावदनाका स्थित एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के कार्यालय पर भी छापा मारा, जहां नोट छापे जा रहे थे। पुलिस ने कंपनी से लैपटॉप, प्रिंटर, कटर और बांड पेपर के अलावा अन्य सामग्री भी जब्त की।

## गडकरी ने कहा, 30,000 किमी. के राजमार्गों को चार लेन में बदलने को करेंगे 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को एक मजबूत आर्थिक शक्ति बनाने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास महत्वपूर्ण है और राजमार्ग मंत्रालय ने 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश से दो लेन वाले 25,000-30,000 किलोमीटर राजमार्गों को चार लेन में बदलने का निर्णय लिया है। यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि मंत्रालय अब भारतीय निवेशकों से राजमार्ग परियोजनाओं के लिए धन जुटाने को अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) मॉडल को प्रोत्साहित करेगा।

उन्होंने कहा, भारत को एक मजबूत आर्थिक शक्ति बनाने के लिए, बुनियादी ढांचा महत्वपूर्ण है... हमने 8-10 लाख करोड़ रुपये की लागत से देश में दो लेन वाले 25,000-30,000 किलोमीटर राजमार्गों को चार लेन में बदलने का निर्णय लिया है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि उनका सपना हर साल पांच से छह लाख करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं पूरी करना है। राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास निष्पादन के विभिन्न तरीकों के तहत किया जाता है, जिसमें बनाओ-चलाओ-हस्तांतरित करो (बीओटी या टोल) बीओटी (एन्यूइटी), इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी), इनविट और हाइब्रिड एन्यूइटी मॉडल शामिल हैं। गडकरी ने यह भी कहा कि सरकार सड़कों के निर्माण के लिए बीओटी मॉडल (वार्षिकी) को संशोधित करने पर काम कर रही है, जिसके तहत राजमार्ग मंत्रालय 15 साल तक टोल एकत्र करेगा और इसका कुछ हिस्सा रियायतग्राहियों के साथ साझा करेगा।

# अखिलेश को ब्राह्मणों पर बोलने का हक नहीं, सपा काल में हुए सर्वाधिक अत्याचार : ब्रजेश

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता ब्रजेश पाठक ने ब्राह्मण समुदाय को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की टिप्पणी के लिये पूर्व मुख्यमंत्री पर तीखा हमला किया। यादव की राजनीति को जातिवाद में गहराई से निहित बताते हुए पाठक ने सपा पर समाज में जाति आधारित विभाजन का जहर फैलाने का आरोप लगाया।

पाठक ने अखिलेश की राजनीति को जातिवाद पर आधारित बताते हुए कहा, सपा ने समाज में जातिवाद का जहर बोने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज पर बोलने का अखिलेश को कोई अधिकार नहीं है।

ब्रजेश पाठक का बयान अखिलेश यादव द्वारा बुधवार को संवाददाताओं को संबोधित करने के बाद आया है।



पाठक ने सपा के शासनकाल में ब्राह्मण समाज के खिलाफ अत्याचार और अपमान के कई उदाहरण गिनाए।

उन्होंने कहा, कन्नौज के मासूम नीरज मिश्र की गर्दन कटवाकर लखनऊ मंगवाने का काम सपा के शासन में हुआ। इटावा में वाजपेयी परिवार का सार्वजनिक अपमान किया गया। सपा के शासनकाल में पूरे प्रदेश में ब्राह्मण समाज पर संगठित ढंग से अत्याचार और अनाचार हुए। जब-जब ब्राह्मण समाज का मान-मर्दन हुआ, तब-तब प्रदेश में सपा की सरकार थी।

उपमुख्यमंत्री ने सपा पर ब्राह्मण समाज को लगातार निशाना बनाने और उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। इससे पहले समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को निवर्तमान मुख्यमंत्री बताते हुए उनकी सरकार पर ब्राह्मण विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि समाज के सभी वर्ग मिलकर इस सरकार को हटा देंगे।

यादव ने यहां पार्टी राज्य मुख्यालय पर पूर्व सपा विधायक पवन पांडेय की अगुवाई में ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करके उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार पर ब्राह्मण विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने सरकार द्वारा ब्राह्मण समाज को निशाना बनाये जाने का आरोप लगाया और मुख्यमंत्री पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, उन्हें हाता नहीं भाता, तिलक नहीं लुभाता। क्योंकि आप विरोधी हैं और उन्हें लगता है कि आप उन्हें राजनीतिक रूप से कमजोर कर सकते हैं इसीलिए सब राजनीतिक कार्रवाई हो रही है।

आदित्यनाथ को निवर्तमान मुख्यमंत्री (आउटगोइंग सीएम) बताते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा, वह निवर्तमान मुख्यमंत्री हैं, इसीलिए अन्याय ज्यादा हो रहा है। दो उपमुख्यमंत्री भी हैं। उन्होंने कहा, ब्राह्मण उत्पीड़न का सवाल हम लोगों ने कोई पहली बार नहीं उठाया है।

## संक्षेप

### तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में मारी टक्कर,मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में बीती रात तेज रफ्तार ट्रक ने एक ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर सवार 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मोहनलालगंज के सिसेण्डी में रहने वाला मोनू रावत (25) बुधवार रात करीब 1 बजे अपना ट्रैक्टर ट्राली लेकर किसान पथ होते हुए घर जा रहा था। तभी सरोजनी नगर में दरोगा खेड़ा के पास किसान पथ पर पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में मोनू ट्रैक्टर से गिरकर उसके पहिए के नीचे आ गया और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। उनसे तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### निगोहां कस्बे में बेखौफ चोरों ने चुराए कपड़े व मोबाइल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहां कस्बे में बुधवार देर रात एक समाजसेविका के घर मे बेखौफ चोरों ने छत के रास्ते से घर मे घुसे और नगदी सहित मोबाइल फोन उठा ले गए इसके अलावां पड़ोस में किराए पर रह रहे बीफार्मा के छात्रों की ड्रेस और कपड़े उठा ले गए पीड़िता ने पूरे मामले की शिकायत निगोहां पुलिस से की पुलिस मामले की जांच कर रही निगोहां कस्बा निवासिनी प्रीति बाजपेई ने शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार रात वह अपने कमरे में परिवार समेत सो रही थी उसका देवर लोकेश बाजपेई भी अलग कमरे में सो रहा था तभी देर रात छत के रास्ते से घर मे घुसे चोरों ने देवर की जेब से पांच हजार नगदी सहित कीमती मोबाइल फोन उठा ले गए इसके अलावां पड़ोस में किराए पर रह रहे बीफार्मा के छात्र तन्मय व अविनाश के ड्रेस सहित अन्य कपड़े उठा ले गए। थानाध्यक्ष निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

# युवा सोचेंगे तभी देश बनेगा: डॉ. राजेश्वर सिंह ने शुरू की 'माइंड मैराथन क्विज' की पहल

## सिर्फ डिग्री नहीं, सोच जरूरी: डॉ. सिंह की प्रतियोगिता युवाओं को बना रही है सिविल सेवा के योग्य

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। युवाओं में सिविल सेवा की तैयारी को प्रोत्साहित करने और उन्हें बौद्धिक स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से, सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बुधवार को वृंदावन योजना स्थित एल्डिको सौभाग्यम में 'माइंड मैराथन क्विज' का शुभारंभ किया। यह एक अनूठी और विचारोत्तेजक प्रतियोगिता है, जो युवाओं को UPSC और UPPSC जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करने हेतु शुरू की गई है।

### सिर्फ शारीरिक ही नहीं – मानसिक व्यायाम भी करें युवा

इस अवसर पर युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए विधायक ने कहा, 'यह क्विज सिर्फ स्मृति का परीक्षण नहीं, बल्कि मानसिक सहनशक्ति, जिज्ञासा और रणनीतिक सोच का अभ्यास है। जिस प्रकार मैराथन शरीर को प्रशिक्षित करती है, वैसे ही 'माइंड मैराथन' मस्तिष्क को भविष्य के लिए तैयार करता है।' डॉ. सिंह ने बताया कि आधुनिक न्यूरोसाइंस भी यह सिद्ध करता है कि क्विज जैसे मस्तिष्कीय खेल न केवल स्मृति को तेज करते हैं, बल्कि तनाव कम करते हैं और आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। ऐसी प्रतियोगिता युवाओं को तेजी से निर्णय लेने, दबाव में सोचने और तार्किक



क्षमता बढ़ाने में मदद करती है, जो आज के युग की जरूरतें हैं।

### डॉ. सिंह ने प्रस्तुत किये चौकाने वाले आंकड़े

डॉ. सिंह ने बताया कि भारत की 65% आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है, लेकिन केवल 21% छात्र ही व्यावहारिक ज्ञान के आत्म-विश्वास से लैस हैं (ASER रिपोर्ट), PISA 2023 के अनुसार, भारत ग्लोबल प्रॉब्लम-सॉल्विंग रैंकिंग में 81 देशों में 72वें स्थान पर है। 56% भारतीय युवा 21वीं सदी की जरूरी स्किल्स (Critical Thinking, Problem Solving) में कमजोर हैं (UNESCO)। राष्ट्रीय रोजगार योग्यता रिपोर्ट 2024 में बताया गया कि डिग्री होने के बावजूद भी केवल 46% ग्रेजुएट्स ही जॉब के लिए उपयुक्त हैं। 'समस्या टैलेंट की नहीं, सोच पर आधारित लर्निंग की कमी की है। माइंड मैराथन इस गैप को भरने की कोशिश है।'

### डॉ. सिंह ने युवाओं में दिख रही चार प्रमुख मानसिक चुनौतियों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया

इन्फोर्मेशन ओवरलोड पर इनसाइट की कमी: युवा 6-8 घंटे स्क्रीन पर बिताते हैं, लेकिन 30 मिनट भी आत्म-चालित अध्ययन नहीं करते। अटेंशन स्पैन में गिरावट: वर्ष 2000 में औसतन 12 सेकंड का अटेंशन स्पैन 2023 में घटकर 8 सेकंड रह गया (Microsoft Study)। पढ़ने और सोचने की आदत में गिरावट: 25% युवा साल में एक किताब भी नहीं पढ़ते। भीड़ के साथ चलने की प्रवृत्ति: 74% युवा करियर का चुनाव माता-पिता या समाज के दबाव में करते हैं।

विधायक ने कहा 'लीडर वही बनता है जो सोचता है, नकल नहीं करता। यह प्रतियोगिता मौलिकता को सम्मान देती है।'

### भविष्य की तैयारी – केवल डिग्री नहीं, सोच जरूरी

डॉ. सिंह ने विश्व आर्थिक मंच (WEF) 2023 के आंकड़े साझा करते हुए कहा कि '2030 तक भारत के 40% युवाओं को दोबारा स्किल्स सीखनी होंगी। AI स्मृति-आधारित नौकरियाँ ले सकता है, लेकिन सोचने वाली बुद्धि की जगह कोई नहीं ले सकता। 'माइंड मैराथन क्विज' युवाओं में संज्ञानात्मक सहनशक्ति और मेंटल फ्लिक्सिबिलिटी विकसित करेगी, जो आने वाले कल की सबसे मूल्यवान मुद्रा है।'

### पूर्व वर्षों के प्रश्नपत्रों और NCERT आधारित ज्ञान पर फोकस

डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवाओं को संदेश दिया कि वे दसवीं कक्षा के बाद से ही सिविल सेवा की तैयारी को गंभीरता से लें, और NCERT की पुस्तकों से मजबूत आधार बनाएं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, 'आज के समय में जब प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रतिस्पर्धा चरम पर है, जहां NCERT में हर वर्ष लगभग 15,000 और UPSC जैसी परीक्षाओं में 5,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल होते हैं , ऐसे में युवाओं को समय रहते दिशा, संसाधन और मंच देना अत्यंत आवश्यक है।'

'माइंड मैराथन क्विज' को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह UPSC/UPPSC की तर्ज पर पिछले वर्षों के प्रश्नों, करंट अफेयर्स और विशेष रूप से NCERT पुस्तकों पर आधारित हो। यह विद्यार्थियों को न केवल बौद्धिक रूप से तैयार करेगा, बल्कि उन्हें सिविल सेवा की आवश्यकताओं के प्रति जागरूक भी बनाएगा।

### 50 वार्डों और गाँवों तक विस्तार – विजन 1,000 अफसर सरोजनीनगर से:

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का लक्ष्य है कि इस पहल के माध्यम से सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र से आने वाले कम से कम 1,000 युवा UPSC, UPPSC और अन्य प्रतिष्ठित सेवाओं में चयनित होकर राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें। वर्तमान में यह क्विज सभी RWA क्षेत्रों में शुरू किया गया है, और आगे इसे ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के 50 से अधिक केंद्रों तक ले जाने की योजना है, ताकि हर वर्ग के युवाओं को समान अवसर प्राप्त हो।

### विजेताओं को मिला लैपटॉप सम्मान

कार्यक्रम में 'माइंड मैराथन क्विज' के विजेताओं को विधायक डॉ. सिंह द्वारा लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया जो न केवल एक पुरस्कार, बल्कि उनकी तैयारी के लिए आवश्यक संसाधन भी है।

# शादी समारोह में टेंट लगाते समय करंट की चपेट में आये कर्मचारी की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील के नगराम थाना क्षेत्र के देवती गांव में बुधवार को एक युवक शादी समारोह में टेंट लगाते समय हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया करंट लगने से युवक गंभीर रूप से झुलस गया मौके पर मौजूद टेंट मालिक ने घायल को आनन-फानन में अपने निजी वाहन से मोहनलालगंज स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे सीएचसी मोहनलालगंज के लिए रेफर कर दिया। लेकिन वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वही मृतक की पहचान 24 वर्षीय शिवचरन पुत्र महेश रावत निवासी रामबक्स खेड़ा मजरा समेसी थाना नगराम के रूप में हुई है वह रामपाल नामक टेंट मालिक के पास काम करता था, जो नेवाज खेड़ा गांव का निवासी बताया जा रहा है सूचना मिलते ही नगराम पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया इस संबंध में नगराम थाना प्रभारी ने विवेक चौधरी ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी। वही घटना स्थल के ग्रामीणों के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब शिवचरन टेंट का पोल खड़ा कर रहा था और वह हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया क्षेत्रीय लोगों में इस हादसे के बाद गम और आक्रोश का माहौल है लोग प्रशासन से बिजली विभाग की लापरवाही पर सवाल उठा रहे हैं और हाइटेंशन लाइन को सुरक्षित दूरी पर शिफ्ट करने की मांग कर रहे हैं।

# चलती बिजली लाइन में फेंकने से किशोर झुलसा, डीजे बंद करने के शक में हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहां थाना क्षेत्र के मंगटईया गांव में एक शादी समारोह के दौरान डीजे बंद करने के शक में एक किशोर के साथ बर्बरता की घटना सामने आई है आरोप है कि गांव के एक युवक ने अपने दो भांजों के साथ मिलकर टेंट कर्मचारी किशोर को पहले बेरहमी से पिटाई की और फिर उसे चलती बिजली लाइन के नंगे तारों पर फेंक दिया करंट की चपेट में आने से किशोर गंभीर रूप से झुलस गया और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा पीड़ित की मां पूजा, जो कि निगोहां थाना क्षेत्र के अकबरपुर बेनीगंज गांव की रहने वाली एक विधवा हैं, ने पुलिस में तहरीर दी है। शिकायत में बताया गया है कि उनका 18 वर्षीय बेटा चमन एक टेंट हाउस में कार्य करता है और बुधवार की रात मंगटईया गांव में एक शादी समारोह में टेंट लगाने गया था।

पूजा ने आरोप लगाया कि रात्रि लगभग 12 बजे उनका बेटा डीजे के पास बैठा हुआ था, तभी मंगटईया निवासी अमित कुमार रावत अपने दो भांजों के साथ वहां पहुंचा। डीजे बंद करने को लेकर हुए विवाद में तीनों ने चमन की बेरहमी से पिटाई की और इसके बाद उसे दौड़ते करंट के नंगे तारों पर फेंक दिया घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत चमन के परिवारीजनों को सूचना दी और उसे कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस गंभीर मामले में निगोहां पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गांव में इस घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है और पीड़ित परिवार को न्याय की मांग है। यह मामला सिर्फ एक व्यक्ति पर हमले का नहीं, बल्कि समाज में बढ़ती असहिष्णुता और कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है।

# युवक की डीसीएम टक्कर से मौत

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। शादी समारोह में शामिल होने बाइक से जा रहे एक मजदूर का रायबरेली के बछरावां में एक डीसीएम की टक्कर से गभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुची पुलिस ने आनन फानन घायल हो सीएचसी भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया वहीं डीसीएम चालक ने मौके पर डीसीएम छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी। घटना निगोहां निवासी मजदूर नीरज कुमार रावत (35)जो अपनी पत्नी रूपरानी व एक बेटी दो साल बेटी कीर्ति और मां आशादेवी के साथ रहकर मजदूरी कर परिवार मे पालन



पोषण करता था पत्नी 4 माह की गर्भवती भी है वहीं मृतक कि पत्नी ने बताया कि उसके पति बुधवार देर शाम करीब 9 बजे वह रायबरेली मेहरौरा में एक शादी समारोह में शामिल होने बाइक से जा रहे थे इनकी बाइक जैसे ही बछरावां सारी खेडा मोड़ के पास पहुँची की लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रही एक तेज रफ्तार डीसीएम ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिसमे नीरज गंभीर रुप से घायल हो गए राहगीरों सूचना पर पहुँची पुलिस ने आनन फानन घायल हो सीएचसी बछरावां भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं डीसीएम चालक मौके पर डीसीएम छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी मृतक पति की मौत की खबर सुन घर मे कोहराम मच गया मृतक चार भाई थे जिसमें वह सबसे बड़ा था मृतक के पिता रामप्रसाद और एक छोटे भाई छोटू की पहले ही करंट की चपेट में आने से मौत हो चुकी है भाई धीरज व सौरभ अलग अलग मकान बनाकर परिवार समेत रहते है।

# युवक पर लाठी से हमला के बाद मिली जान से मारने की धमकी....

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। नगराम थाना क्षेत्र के करोरवा गांव में बीते मंगलवार की रात एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है पीड़ित मायाराम पुत्र स्वर्गीय छंगादास निवासी करोरवा ने नगराम थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते बुधवार की रात लगभग 9 बजे माया राम अपने गांव में एक निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे तभी रास्ते में शिवकुमार बाबा के घर के पास घात लगाए बैठे विनय कुमार उर्फ पांडु पुत्र वंशबहादुर निवासी करोरवा ने माया राम पर लाठी से हमला कर दिया आरोप है कि विनय कुमार ने मायाराम को बुरी तरह मारा-पीटा और गालियां दीं व उसने जान से मारने की धमकी भी दी।

पीड़ित मायाराम ने बताया कि हमले में उन्हें पूरे शरीर पर गंभीर चोटें आईं जब उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, जिससे विनय कुमार मौके से भाग निकला पीड़ित किसी तरह अपने घर पहुंचा और शटर बंद कर लिया लेकिन लगभग रात 12 बजे विनय कुमार फिर उसके घर पहुंचा और दरवाजा पीटते हुए जान से मारने की धमकी दी घबराए मायाराम ने तुरंत 112 कंट्रोलरूम पर फोन कर पुलिस को सूचना दी।

पीड़ित ने अपनी तहरीर में यह भी उल्लेख किया है कि वह घर में अकेले रहते हैं, जिससे उनकी जान को गंभीर खतरा बना हुआ है पीड़ित ने नगराम पुलिस से घटना की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। थानाप्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गयी है

# सब्जी लेने बाजार गए युवक की बाइक चोरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। चोरों को नहीं रहा पुलिस का भय, चोरों ने सब्जी खरीदने आए एक युवक की बाइक चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। आंट निवासी राघवेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर के माध्यम से बताया कि गुरुवार को वह अपनी सुपर स्प्लेंडर बाइक यूपी 32 जे डी 3364 से माल बाजार सब्जी खरीदने आए थे। उसने अपनी बाइक को एक स्थान पर खड़ी कर वह सब्जी लेने चला गया। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उसकी बाइक पर हाथ साफ कर दिया। जब पीड़ित सब्जी लेकर वापस पहुंचा तो देखा कि उसकी बाइक वहां से गायब है। पीड़ित ने अपनी बाइक को इधर-उधर काफी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका पीड़ित ने माल थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष बने आशीष सिंह राजा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पाल अम्मू ने जरनैल गंज ठाकुरगंज लखनऊ निवासी आशीष सिंह राजा को अवध प्रांत उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है। आशीष सिंह राजा राजनीति के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहे हैं।

इस नियुक्ति पर क्षेत्र और प्रदेश के लोगों ने उन्हें बधाई दी है। नए पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। सभी पदाधिकारियों ने संगठन के दिशा-निर्देशों के अनुसार काम करने की शपथ ली।

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पाल अम्मू द्वारा चलाए जा रहे छत्तीस बिरादरी के साथ मिलकर काम करने और सामाजिक संगठन को आगे



करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह राजा

बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

वहीं नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह राजा ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है। वह जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी निष्ठा पूर्वक संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

# कर्ज से परेशान युवक ने फांसी लगाकर जान दी

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। निगोहां के हरिकुंवर खेडा गांव में एक युवक ने छत में लगे कुंडे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली परिवारीजनों ने शव लटकता देख पुलिस को सूचना को दी पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वही ग्रामीणों और परिवारीजनों की माने तो म्रतक कर्जे से बहुत परेशान रहता था।

घटना निगोहां थाना क्षेत्र के हरिकुंवर खेडा गांव निवासी प्रदीप रावत 30 अपनी पत्नी सरिता और एक बेटा प्रीतम 11 व बेटी सेजल 6 के साथ रहकर लकड़ी कटान व मजदूरी पर परिवार चालता था। म्रतक की पत्नी सरिता ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 8 बजे उसका पति सोकर उठा और घर के बाहर टहलते हुए परचून



की दुकान गया जहां से वापस आने के बाद वह छत पर चला गया कुछ देर बाद पति के नीचे नही आने पर पत्नी ने ऊपर जाकर देखा तो दंग रह गई उसका पति गमछे के फंदे से पंखे के हुक से लटका हुआ था जिसके बाद पत्नी ने परिवार के अलग रह रहे भाई कुलदीप को सूचना दी पहुंचे कुलदीप ने निगोहां पुलिस को सूचना दी सूचना मिलने पर निगोहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ग्रामीणों और परिवारीजनों की माने तो म्रतक कर्जे से बहुत परेशान रहता था मृतक के पिता राम बाबू, माता रामादेवी व भाई कुलदीप अलग घर बनाकर रह रहे थे। भाई ने बताया कि कर्जे से परेशान था प्रदीप ने दो दिन पहले ही अपना डाला बेंच दिया था वह कर्जे से काफी परेशान रहता था।

# 11 घंटे बिजली गुल होने से हजारों लोग परेशान

पानी के लिए तरसे लोग

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के हरिकंशगढ़ी गांव के लोग बुधवार रात से गुरुवार दोपहर तक बिजली संकट से जूझते रहे। इलाके में बिजली की लाइन में आई तकनीकी खराबी के कारण करीब ग्यारह घंटे तक आपूर्ति ठप रही, जिससे लगभग पांच हजार ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा बुधवार की रात लगभग तीन बजे अचानक क्षेत्र की बिजली गायब हो गई अंधेरे में डूबे ग्रामीणों ने तुरंत उत्तरठिया विद्युत उपकेंद्र पर संपर्क किया और एसडीओ को स्थिति से अवगत कराया शिकायत करने पर उन्हें बताया गया कि लाइन में तकनीकी खराबी आई है, जिसे ठीक करने में समय लगेगा हरिकंशगढ़ी निवासी दिलीप ने बताया कि बिजली रात तीन बजे से गुल हो गई थी और गुरुवार की दोपहर करीब दो बजकर दस मिनट पर आपूर्ति बहाल की गई इस दौरान न सिर्फ गर्मी से बेहाल लोग परेशान रहे, बल्कि पानी की भी भारी किल्लत झेलनी पड़ी गांव में अधिकांश घरों में पानी की सप्लाई मोटर पंप के जरिए होती है, लेकिन बिजली न होने से टंकी तक पानी नहीं पहुंच पाया महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ा ग्रामीणों ने बिजली विभाग से ऐसी घटनाएं दोबारा न होने देने और तत्काल सुधार कार्य सुनिश्चित करने की मांग की है।

# फाइलेरिया मरीजों को दिया गया एमएमडीपी प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज।राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान एवं संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च(सीफॉर) के सहयोग से गोसाईगंज ब्लॉक के सिठौली कला आयुष्मान आरोग्य मंदिर में फाइलेरिया रोगियों को रुग्णता प्रबन्धन और दिव्यान्गता उपचार (एमएमडीपी) प्रशिक्षण दिया गया। सीएचओ-पेशेंट स्टेकहोल्डर प्लेटफोर्म(पीएसपी) की सदस्य सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) गुलनाज परवीन ने बताया कि फाइलेरिया लाइलाज संक्रामक बीमारी है और मच्छर के काटने से होती है। इस बीमारी से लटकने वाले अंग जैसे हाथ,पैर, महिलाओं के स्तन और पुरुषों के जननांग प्रभावित होते हैं । समुचित




देखभाल के अभाव में व्यक्ति दिव्यांग हो जाता है।उन्होंने बताया कि फाइलेरिया प्रभावित अंगों की साफ-सफाई और समुचित देखभाल करने से बीमारी बढ़ने नहीं पाती है और सूजन नियंत्रित रहती है। स्वास्थ्य पर्वेक्षक अजय कुमार ने बताया कि फाइलेरिया प्रभावित अंगों को साबुन से साफ करें लेकिन यह ध्यान रखें कि साबुन को कभी भी अंग पर न मलें बल्कि दोनों हाथों से रगड़कर फेना बना लें और फेने को अंग पर हल्के हाथों से रगड़ें। फिर साफ पानी से धो लें और हल्के हाथों से तौलिये से पोंछें।यदि अंग पर कोई घाव है तो अच्छे से सुखाकर एंटीसेप्टिक क्रीम उस पर लगायें।

सीएचओ ने फाइलेरिया प्रभावित अंगों में सूजन को नियंत्रित करने के लिए व्यायाम करके दिखाया और कहा कि नियमित व्यायाम से सूजन बढ़ती नहीं है। इस मौके पर सीएचओ- पीएसपी के सदस्य एएनएम सरिता यादव, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य सखी, आठ फाइलेरिया मरीज तथा संस्था सीफॉर के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना व मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।निगोहां थाना क्षेत्र के डीहा मजरा उतरावां में दहेज प्रताड़ना का गंभीर मामला सामने आया है विवाहिता पुत्री महेश रावत निवासी सिर्स निगोहां ने ससुराल पक्ष पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना, मारपीट, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है घटना 20 अगस्त 2024 से 9 सितंबर 2024 के बीच की बताई जा रही है पीड़िता की लिखित तहरीर के अनुसार ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में अपेक्षित सामान न मिलने पर बार-बार ताना मारकर उसे प्रताड़ित किया गया विवाहिता ने आरोपियों में उसके पति अनके पुत्र राजेश रावत, सास राजकुमारी पत्नी राजेश रावत और ननद आरती पुत्री राजेश रावत शामिल हैं पीड़िता का कहना है कि मामूली घरेलू बातों को लेकर भी उसे गालियाँ दी जाती थीं थप्पड़, घूंसों और डंडों से मारा-पीटा गया और यहां तक कि जान से मारने की धमकियाँ भी दी गईं।

थानाध्यक्ष निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़िता की लिखित शिकायत पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया गया है मामले की जाँच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के नवाबगंज भांडी गांव में एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान ब्रह्मादीन लोधी के 45 वर्षीय बेटे बबलू के रूप में हुई है। घटना बुधवार देर रात की है। बबलू खाना खाने के बाद गांव के बाहर बने मकान के कमरे में सोने गया था। रात में जब उसकी पत्नी निर्मला कमरे में पहुंची, तो उसने देखा कि बबलू का शव कमरे की छत के कुंडे पर प्लास्टिक की रस्सी से लटक रहा है। पत्नी ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।पीआरबी पुलिस और नवाबगंज चौकी प्रभारी मुकुल दुबे माय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने वीडियोग्राफी के साथ शव को नीचे उतारा। पत्नी निर्मला का कहना है कि उसके पति नशे की हालत में थे। इसी कारण उन्होंने यह कदम उठाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के अनुसार, पत्नी की सूचना पर आवश्यक कार्रवाई की गई है।

### फांसी लगाकर युवक ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

बांगरमऊ, उन्नाव। थाना क्षेत्र के सेतुवाही जगत नगर में एक किसान ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान अमित (32) के रूप में हुई। वह खेती-किसानी से अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। अमित बीते कुछ समय से खेती को लेकर मानसिक तनाव में था। इस वर्ष फसल की पैदावार कम होने और आर्थिक तंगी के कारण वह चिंतित रहता था। गुरुवार सुबह परिजनों ने जब दरवाजा बंद देखा तो उसे तोड़कर अंदर गए। वहां अमित का शव फांसी के फंदे से लटका मिला।मृतक की पत्नी उर्मिला और तीन बच्चे (एक बेटी और दो बेटे) हैं। परिजनों के अनुसार, अमित स्वभाव से शांत और जिम्मेदार व्यक्ति था। खेती से हो रहे घाटे ने उसे मानसिक रूप से प्रभावित किया था। उसने कभी किसी से अपने तनाव की बात नहीं की। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### फ्लोराइड युक्त पानी की समस्या, 20 में से 12 हैंडपंप से आ रहा दूषित पानी

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोरिया कला में फ्लोराइड युक्त पानी की गंभीर समस्या सामने आई है। गांव में मौजूद 35 इंडिया मार्का हैंडपंप में से वर्तमान में 20 हैंड पंप चालू है. इनमें से लगभग 12 हैंडपंप से फ्लोराइड युक्त पानी निकल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार फ्लोराइड युक्त पानी को बर्तन में रखने पर कुछ समय बाद इसका रंग हल्का पीला हो जाता है. बर्तन की सतह पर भी पीले रंग की परत जम जाती है. शुद्ध पेयजल की व्यवस्था न होने के कारण अधिकांश ग्रामीण इसी दूषित पानी का सेवन करने को मजबूर है। इस दूषित जल के सेवन से ग्रामीणों को कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हड्डियां कमजोर हो रही हैं गठिया की शिकायत बढ़ रही है हाथ पैरों के जोड़ों में दर्द और दांतों का पीला पड़ना जैसी समस्याएं आम हो गई हैं. कुछ संपन्न परिवारों ने अपने स्तर पर घरों में बोरिंग करवा ली है लेकिन गरीब परिवार इस समस्या से जूझ रहेहैं. ग्रामीणों ने प्रशासन से दूषित पानी वाले हैंड पंप की मरम्मत करने की मांग की है अभी तक यानी गुरुवार सुबह नौ बजे तक इस समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। कलेक्टेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में तथा मुख्य विकास अधिकारी कृति राज की उपस्थिति में जनपद उन्नाव में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा संचालित शिक्षुता प्रशिक्षण योजना तथा मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की गई।बैठक में जनपद उन्नाव में अवस्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित अलोकप्रिय व्यवसायों को समाप्त करने एवं उनके स्थान पर स्थानीय उद्योगों की माँग के अनुरूप नये व्यवसाय संचालित किये जाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में आईटीआई प्रधानाचार्य अवनीन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि जनपद में संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, उनमें संचालित व्यवसायों, प्रशिक्षण, डी0एस0टी0 योजना तथा शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के बारे जानकारी दी गई। उन्होने उद्योगों के प्रतिनिधियों, जिला सेवायोजन अधिकारी, उपायुक्त उद्योग से शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को सुना एवं नोडल प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि वह अन्य विभागों तथा उद्योगों के साथ समन्वय बना कर जनपद को आवंटित लक्ष्य को पूरा करें। डी0एम0 द्वारा निर्देशित किया गया कि योजनाओं के बारे में कार्यशालाओ तथा एस0ओ0पी0 आदि के माध्यम से जागरूकता लाई जाये इसके साथ ही आई0टी0आई0 में डी0एस0टी0 योजना में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों को जिन उद्योगों के साथ एम0ओ0यू0 है उनमें अधिक से अधिक संख्या में शिक्षु के रूप में योजित किये जाने के प्रयास किये जायें।बैठक में उपायुक्त उद्योग करूणा राय, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीती चन्द्रा, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक उन्नाव, प्रधानाचार्य राजकीय आई0 टी0आई0 हसनगंज, बीधापुर, पुरवा एवं फतेहपुर चैरासी, डी0पी0एम0 डी0पी0एम0यू तथा रेड टेप, रिमझिम इस्पात, वृंदावन बॉटलर्स के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# संक्रामक बीमारियों से बचने को हाथों की सही स्वच्छता जरूरी

## सामुदायिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य केंद्र अचलगंज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव, 09 मई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अचलगंज में बृहस्पतिवार को लोगों को हाथों की सही तरीके से स्वच्छता से जुड़े जरूरी टिप्स दिए गए और इसके फायदे बताये गए। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया और केनव्यू के सहयोग से यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र मिश्र ने समस्त स्टाफ के साथ ही उपस्थित मरीजों व अन्य को हाथों की स्वच्छता से जुड़ी प्रमुख जानकारी दी। कार्यक्रम में करीब 40 आशा कार्यकर्ता व आशा संगिनी भी उपस्थित रहीं। पीएसआई इंडिया और केनव्यू के सहयोग से जनपद में चलाये जा रहे डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बताया गया कि डायरिया समेत कई अन्य संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए हाथों की स्वच्छता बहुत जरूरी है। हाथों की सही स्वच्छता के बारे में सुमन-के (रवटअठ झड) विधि के बारे में आसान तरीके से समझाया गया, इसके अंतर्गत एस का मतलब है पहले सीधा हाथ (हथेली और उँगलियाँ), यू यानि हाथ का पिछला हिस्सा (उल्टा), एम मतलब मुठ्ठी (उँगलियाँ और पोर), ए मतलब अंगूठा, एन मतलब नाखून (उँगलियों के सिरे) और के मतलब कलाई को साबुन पानी से कम से कम 20 सेकेण्ड तक धुलें और अपने हाथों को सही मायने में स्वच्छ रखें। इस विधि के माध्यम से छोटे बच्चों और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी आसानी के साथ समझाया जा सकता है। खाना खाने से पहले, शौचालय के बाद, खांसने-छींकने के बाद, कचरे के निस्तारण के बाद, जानवरों की देखभाल के बाद और बीमार व्यक्ति से सम्पर्क व देखभाल से पहले और बाद में हाथों की स्वच्छता का खास ख्याल जरूर रखना चाहिए ताकि किसी भी तरह के संक्रमण से सुरक्षित रहा जा सके। डायरिया की स्थिति में ओआरएस घोल की महत्ता भी समझाई गयी। इस मौके पर पीएसआई इंडिया से गजेन्द्र सिंह और अशरफ हुसैन आदि उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग के चोरी छिपे भूमि का विक्रय करने पर कटा हंगामा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। बुजुर्ग ने बच्चों से चोरी छिपे भूमि को विक्रय किए जाने को लेकर बुजुर्ग के बच्चों व क्रेता के बीच में कटा हंगामो

तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम मगरायर निवासी चंद्रिका प्रसाद पुत्र रामसागर अपनी बुजुर्ग आबादी की भूमि को बच्चों से चोरी छिपे विक्रय लिए के लिए तहसील मुख्यालय आए जहां भूमि का विक्रयक्रेती कमला देवी पत्नी अंबिका प्रसाद के द्वारा लगभग 100 वर्ग मीटर भूमि ?10000 में क्रय किया विक्रेता चंद्रिका प्रसाद विक्रय कर दिया बुजुर्ग के बच्चे जब तक तहसील पहुंचते तब तक उप निबंधक कार्यालय में भूमि का विक्रय रजिस्टर्ड हो गया था जैसे ही उनको इस बात का पता चला कि मेरे पिता के द्वारा भूमि का विक्रय कर दिया गया है वैसे ही लड़ाई झगड़ा क्रेता से प्रारंभ हो गया महिलाओं द्वारा एक दूसरे पर मारपीट करने लगी सम्भ्रांत लोगों के द्वारा बीच बचाव किया गया तहसील मुख्यालय का मामला होने के कारण भारी भीड़ लग गई हंगामा कुछ देर तक कटता रहा उप निबंधक प्रभारी प्रमोद कुमार दीक्षित ने बताया कि मेरे यहां आबादी भूमि लगभग 100 वर्ग मीटर का बैनामा चंद्रिका प्रसाद द्वारा किया गया है कार्यालय में किसी प्रकार की कोई लड़ाई झगड़ा नहीं हुई है लड़ाई झगड़े के विषय में मुझे कुछ भी नहीं मालूम है विक्रय विलेख पर लगी फोटो व पहचान पत्र बयानों के आधार पर मेरे यहां विलेख का पंजीकृत कर दिया गया है

# ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर मुस्लिम जोगी समाज ने किया खुशी का इजहार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। ऑपरेशन सिंदूर से देश भर में खुशी की लहर है। भारतीय सेना की ओर से किए गए स्ट्राइक पर मुस्लिम जोगी समाज ने खुशी जताई है और कहा है कि आतंकियों को पूरी तरह से मिटा दिया जाना चाहिए। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का हिसाब ऑपरेशन सिंदूर से ले लिया है। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया। भारतीय सेना ने ज्वाइंट ऑपरेशन के जरिए वहां के आतंकी संगठनों को मिट्टी में मिला दिया। भारतीय सेना के एक्शन से पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिजनों ने खुशी का इजहार किया है तो मुस्लिम संगठनों और उलमाओं ने भी इस कार्यवाही का स्वागत किया है। मालूम हो कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पिछले दिनों जिस तरह से आतंकियों ने निर्दोष पर्यटकों को मारा था उसे लेकर पूरा देश गुस्से में था। पहलगाम हमले का मुस्लिम संगठनों ने विरोध किया था और आतंकियों को सख्त से सख्त सजा देने की सरकार से अपील भी की थी। ऐसे में भारत ने पहलगाम हमले का बदला ही नहीं बल्कि आतंकियों को मिट्टी में मिलाने और उसके आका पाकिस्तान को कल्पना से परे चोट देने का ऐलान किया था। इसके लिए भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की रूपरेखा बनाई, जिसके जरिए-पाकिस्तान की आतंकी फैक्ट्री को जड़ से मिटाने का काम किया। नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा (गोल कुआं) निवासी मुस्लिम जोगी समाज के नेता व समाजसेवी फजलुर्रहमान के आवास पर एक बैठक हुई जिसमें भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर किए गए हमले का स्वागत किया गया। फजलुर्रहमान ने कहा आतंकियों को ऐसा सबक सिखाया जाना चाहिए कि फिर कभी दूसरा पहलगाम न हो। पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को पूरी तरह नष्ट कर दिया जाना चाहिए। इस मौके पर हबीबुल रहमान बाबूजी, आशिक अली, शब्बीर बाबू, अब्दुल कादिर, मुस्लिम अली, मुकीम अली, जान मोहम्मद, रियासत अली मुल्लाजी, नफीसुल, रिफाकत अली, मुशीर अली , अजीजुर्रहमान आदिल सहित मुस्लिम जोगी समाज के तमाम लोग उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन पर आपदा प्रबंधन को लेकर किया गया अभ्यास

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। रेलवे स्टेशन पर आपदा प्रबंधन को लेकर विशेष अभ्यास किया गया। थानाध्यक्ष जीआरपी अरविंद पांडे के नेतृत्व में जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त मॉकड्रिल का आयोजन किया। सुरक्षा बलों ने स्टेशन परिसर में कई आपातकालीन स्थितियों से निपटने का अभ्यास किया। इसमें आग लगने और भगदड़ जैसी घटनाओं पर नियंत्रण के लिए रणनीतियां शामिल थीं। बलों ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदमों का परीक्षण भी किया।थानाध्यक्ष अरविंद पांडे ने कहा कि नियमित मॉकड्रिल से बलों की तैयारियों और आपसी तालमेल को परखा जाता है। उन्होंने यात्रियों को आपदा के समय धैर्य रखने की सलाह दी। इमरजेंसी नंबर भी बताए यात्रियों को आपदा से निपटने के तरीके बताए गए। उन्हें



प्राथमिक उपचार, निकासी मार्गों और इमरजेंसी संपर्क नंबरों की जानकारी दी गई। इस अभ्यास से सुरक्षा बलों की तैयारियों के साथ यात्रियों में सुरक्षा जागरूकता भी बढ़ी।

# कटान से बचाव के लिए बांध निर्माण का कार्य शुरू

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गंगा नदी की तीव्र धारा और कटान से प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत की खबर है। मनोहर नगर, शक्ति नगर और हरी गंगा क्षेत्र में मार्जिनल बांध का निर्माण कार्य चल रहा है। सिंचाई विभाग और स्थानीय प्रशासन मिलकर इस परियोजना पर काम कर रहे हैं। अब तक साठ प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। जून से पहले इसे पूरा करने का लक्ष्य है। इस परियोजना की लागत करीब पौने दो करोड़ रुपये है।कार्य स्थल पर छह जिओ बैग बाइक पहुंच चुकी हैं। एक बैग में सेल्टिंग का काम 90 प्रतिशत तक पूरा हो गया है। ये जिओ बैग्स गंगा की धाराओं को मोड़ने और मिट्टी के कटाव को रोकने में मदद करेंगे। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में गंगा की कटान से उन्हें कई बार घर छोड़ना पड़ा। कई घर गंगा की धार के बेहद नजदीक आ गए थे। इससे जान-माल के नुकसान का खतरा बना रहता था। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बांध को मजबूत बनाने के लिए जिओ बैग्स के साथ पत्थर की पिचिंग भी की जा रही है। जहां कटान ज्यादा है, वहां अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। उच्चाधिकारी नियमित रूप से कार्य की निगरानी कर रहे हैं।प्रशासन ने कहा है कि मानसून से पूर्व कार्य पूरा करने की पूरी कोशिश की जा रही है, जिससे गंगा के बढ़ते जलस्तर और कटान के खतरे से पहले ही बचाव किया जा सके। क्षेत्रीय निवासियों में इस कार्य को लेकर संतोष और विश्वास का माहौल है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में भी समय-समय पर कटाव रोधी उपाय किए जाएं, ताकि लंबे समय तक इस समस्या से निजात मिल सके।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पति पत्नी की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना दही क्षेत्र में रोडवेज वर्कशॉप मोड़ के पास गुरुवार शाम एक सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार दंपति को टक्कर मार दी। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अली हुसैन और उनकी पत्नी शबनम (26 वर्ष)



दुगार्गंज नवाबगंज थाना अजगैन, उन्नाव के रहने वाले थे। दंपति प्लेटिना मोटरसाइकिल से यात्रा कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मारी और फरार हो गया। थाना दही पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष संजीव कुशवाहा ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। अज्ञात वाहन की पहचान और उसे पकड़ने की कार्रवाई जारी है।

# वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। न्यायालय के आदेश पर वारंटी युवक को पुलिस ने अपनी हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया गया बारा सगवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बैगुलाल खेड़ा निवासी संजय पुत्र रमेश पासी आयु लगभग 38 वर्ष के खिलाफ आर्म्स एक्ट के अंतर्गत सन 2017 में मुकदमा पंजीकृत हुआ था उक्तवाद न्यायालय श्रीमान अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नंबर 4 उन्नाव में विचाराधीन है उक्तवाद में नियत तारीख पर हाजिर नहीं होने पर न्यायालय ने वारंट जारी कर दिया वारंट के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया

# प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय का फीता काट कर किया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय धन्नापुरवा सकरौली में खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह ने विज्ञान प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय का मैजिकल स्प्रे करके एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। सिंह ने कहा कि विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा बच्चे प्रयोग करके अच्छा सीखेंगे।बिना प्रयोग के विज्ञान शिक्षा अधूरी है।प्रयोग शाला को विज्ञान शिक्षक शशांक चौहान ने विभाग द्वारा मिली सामग्री एवं कबाड़ में जुगाड से तैयार की है। विज्ञान शिक्षक शशांक चौहान ने प्रकाश के अपवर्तन एवं कार्बन डाइऑक्साइड बनने का प्रयोग करके दिखाया। प्रभारी शिक्षिका गीता यादव ने कहा कि पुस्तकालय को तैयार करने में



शिक्षिका रजिया खातून एवं शिक्षक अभिषेक गुप्ता ने अहम भूमिका निभाई है।उन्होंने आगे कि पुस्तके पढ़ने से बच्चों में मानवीय मूल्यों एवं सामाजिकता का विकास होता है।पुस्तकालय के उपयोग से बच्चों की पठन क्षमता में विकास के साथ-साथ शैक्षिक कौशल,स्वतंत्र चिंतन,सामाजिक एवं सांस्कृतिक जानकारी में अभिवृद्धि होगी।इस अवसर पर ग्राम प्रधान राकेश यादव एवं शिक्षक शशांक चौहान, गीता यादव,अभिषेक गुप्ता,देवेंद्र प्रताप सिंह ,ठाकुर प्रसाद, कौशलेंद्र पाल, अनामिका यादव,कुंवरपाल,अवधेश यादव, अनिल कुमार सिंह,शर्मिला यादव,संतोष कुमार सिंह ,रजिया खातून, शिखा सिंह ,अभिषेक तिवारी आदि शिक्षक शिक्षिका सहित बच्चे उपस्थित रहे।

# पीएम व गृहमंत्री पर आपत्तिजनक टिपणी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा सराय सूबेदार में रहने वाले एक युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को लेकर गाली-गलौज भरा वीडियो पोस्ट करने से हड़कंप मच गया। वीडियो में पाकिस्तान का समर्थन करते हुए भारत विरोधी बातें की गई थीं, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।मामले की सूचना मिलते ही कोतवाल सुब्रत त्रिपाठी ने तत्काल पुलिस टीम को सक्रिय करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी। जांच में सामने आया कि यह वीडियो अंशु उर्फ अनस पुत्र शकीर निवासी सराय सूबेदार, स्टेशन रोड ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से पोस्ट किया था। वीडियो में सैकड़ों मुस्लिम समुदाय के लोग विरोध प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं, जिसमें प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया है।कोतवाल के निर्देश पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में युवक का रवैया संदिग्ध पाया गया है। वीडियो में जिस तरह पाकिस्तान के पक्ष में बातें कही गई हैं, उससे युवक की मानसिकता और मंशा को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि सफीपुर कस्बे में बीते कुछ वर्षों में कई बाहरी मुस्लिम परिवार आकर बस गए हैं, जिससे किसी भी घटना में आरोपित की पहचान करना मुश्किल होता जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से ऐसे मामलों में सतर्कता बरतने और बाहरी लोगों की जांच कराने की मांग की है।कोतवाल सुब्रत तिवारी ने बताया कि आरोपी युवक को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है। मामले की जांच जारी है और अन्य पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है।

# ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से नगर में लग रहा भीषण जाम

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर में ई-रिक्शा चालक क्षमता से दो गुना अधिक सवारियां बैठाकर बेलगाम चल रहे हैं। बेलगाम ई-रिक्शा नगर में जाम का नया कारण बन गए हैं। एक दूसरे से आगे निकलने और सवारियां भरने की होड़ में इन वाहनों के चालक तेज रफ्तार से सड़क पर चलते हैं और कहीं भी अचानक ब्रेक लगाकर खड़े हो जाते हैं। इससे सड़क पर अन्य वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय पुलिस इन पर लगाम कसने में विफल दिखाई दे रही है। ऐसे में नगर के सभी मार्गों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर में एक तरफ जहां मुख्य मार्ग सहित सभी मार्गों पर दोनों ओर पटरी दुकानदारों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। वहीं दूसरी ओर ई-रिक्शा चालकों की मनमानी का आलम यह है कि नगर के सभी प्रमुख चौक-चौराहा और सड़कों पर ई-रिक्शा का ही कब्जा है। नगर के तिकोनिया पार्क चौराहा, लखनऊ रोड चौराहा, नानामऊ रोड तिराहा, समेत अन्य प्रमुख बाजारों व चौराहों पर ई-रिक्शा की भरमार व चालकों के मनमानी के कारण आए दिन नगरवासी जाम के झाम से जूझ रहे हैं। वहीं नगर के भीड़ भाड़ वाले इलाकों में खतरनाक तरीके से ई रिक्शा चलाये जा रहे हैं। सवारियां इनमें क्षमता से अधिक बैठायी जा रही हैं। कभी कभी तो देखने में भी डर लगता है कि सवारियां बैठाने के चक्कर में चालक बड़े ही गलत ढंग से अपने वाहन को चलाता है। इतना सब कुछ होने के बाद भी न तो परिवहन निगम के अफसर गंभीर हो रहे हैं और न ही ट्रैफिक पुलिस। क्योंकि परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था नगर में नहीं है। सिविल पुलिस की तो बात ही छोड़िए। जिस तरह से ई रिक्शा जगह जगह खड़ा कर सवारियां भरी जा रही हैं उससे नगर में जाम लग रहा है। चाहें यह प्रमुख स्थान हो या फिर छोटे रास्ते। इससे जाम में फंसकर लोगों को भी बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। चेकिंग के नाम पर पुलिस खानापूर्ती करती है जिससे ई रिक्शा चालकों के हौसले बढ़े है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि हर चौराहै पर होमगार्ड/पुलिस का पहरा होने के बाद भी ई-रिक्शा चालकों की मनमानी जारी है।

# एसपी ने कई उप निरीक्षको के कार्य क्षेत्र में किया फेर बदल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस महकमे में व्यापक फेरबदल किया है। इस बदलाव में कई दरोगाओं को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। पुलिस लाइन से दरोगा दशरथ राम को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में भेजा गया है। दरोगा अभय कुमार तिवारी को डिस्ट्रिक्ट क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो में तैनात किया गया है। दरोगा हरिंद्र प्रसाद को थाना बारासगवर की जिम्मेदारी मिली है। दरोगा श्याम जी को थाना अजगैन में नई तैनाती दी गई है। दरोगा संतोष कुमार यादव को पदोन्नति देकर थाना सफीपुर में वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया है। गंगाघाट थाने के दरोगा राम प्रताप सिंह को भी पदोन्नति मिली है। उन्हें थाना बारासगवर में वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया है। पुलिस लाइन से दरोगा हरिनिवास शर्मा को थाना आसीवन भेजा गया है। थाना बारासगवर के वरिष्ठ उप निरीक्षक मानिक राम वर्मा का तबादला थाना आसीवन में किया गया है।यह फेरबदल थानों के बेहतर संचालन और पुलिस प्रशासन की आंतरिक मजबूती के लिए किया गया है। इससे पुलिस कर्मियों में नया जोश आएगा और थानों की कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

## सम्पादकीय

# भारत को लेकर 'उपदेशक' दृष्टिकोण नहीं रखे यूरोप

भारत ने यूरोप को आईना दिखाया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल के वर्षों में भारत के प्रति यूरोप के व्यवहार में कथनी व करनी में फर्क को रेखांकित करते हुए दो टूक कहा कि, भारत को व्यवहारिक साझेदार चाहिए, उपदेशक नहीं चाहिए। जब से रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ है तब से यूरोप भारत पर रूस को लेकर दबाव बनाता रहा है, लेकिन रूस के साथ यूरोप के संबंध में ही दोहरापन रहा है। पहलगाम आतंकी हमले पर भी यूरोप व ब्रिटेन के बयानों में निंदा से अधिक नसीहत है। आर्कटिक सर्किल इंडिया फोरम 2025 में रविवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत के साथ गहरे संबंधों के लिए यूरोप को कुछ संवेदनशीलता और पारस्परिक हितों का प्रदर्शन करना होगा। जयशंकर ने भारत व रूस के बीच यथार्थ की धरातल पर सामंजस्यपूर्ण संबंधों का उदाहरण देकर यूरोप को उसका अक्स दिखाया कि भारत को लेकर यूरोप का दृष्टिकोण व्यवहारिक होना चाहिए। यूरोप को समझना होगा कि रूस को शामिल किए बिना रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान खोजने की कोई भी कोशिश विफल ही होगी। यूरोपीस संघ (ईयू) में जर्मनी और फ्रांस बड़े देश हैं। दोनों देश भारत से रूस के खिलाफ सख्त रुख की मांग करते रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों देशों ने भारत से रूस पर प्रतिबंध लगाने का दबाव बनाया, लेकिन भारत ने रूस के साथ यथार्थवादी रवैया रखा। ये दोनों देश ऐसे हैं, जो खुद रूस से गैस लेते रहे। वर्ष 2023 तक दोनों मुल्कों ने बेल्जियम और नीदरलैंड्स के रास्ते रूसी गैस खरीदी और भारत को रूस से तेल न लेने की नसीहत दी। जयशंकर ने यूरोप के इसी तरह के दोहरे रवैये की पोल खोली। पहलगाम हमले पर यूरोप के एक बड़े पक्ष की चुप्पी या फिर संयम बरतने की नसीहत भारत को नागवार गुजरी है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को आतंकवादियों के कायराना हमले में 26 पर्यटक समेत 27 लोग मारे गए थे। इस हमले की जिम्मेदारी कश्मीर में ऑपरेशनल दरेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली। टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा के छद्म गुट हैं। इसके बाद भी यूरोप की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले की निंदा और पीड़ित भारत के प्रति समर्थन में उदारता नहीं देखी गई। यूरोपीय संघ की विदेश मामलों की नेता काजा कैलास ने 2 मई को अपने बयान में भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने की अपील की। पहलगाम हमले के बाद ईयू के ये बयान पाकिस्तान की ओर ज्यादा झुका हुआ है। यूरोप की ये पुरानी समस्या रही है कि वह हमलावर और पीड़ित में फर्क नहीं कर पा रहा है। अगर यूरोप भारत की सुरक्षा चिंताओं की परवाह नहीं करेगा, भारत के ट्रेड हितों की अनदेखी करेगा, तो भारत यूरोप का उपदेश क्यों सुनेगा। यूरोपीय संघ से अलग ब्रिटेन ने भी यूक्रेन व रूस जंग में तटस्थ रहने पर भारत की आलोचना की थी। यूक्रेन पर हमले के बाद बोरिस जॉनसन ने भारत से रूस से रिश्ते तोड़ लेने की अपील की थी, जबकि 21वीं सदी का भारत औपनिवेशिक काल से काफी आगे निकल चुका है। भारत का स्वतंत्र व गुटनिरपेक्ष विदेश नीति है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद यूरोप खुद ही यूक्रेन युद्ध पर एक्सपोज हो चुका है। यह सही है कि यूरोप के अधिकांश देशों से दशकों से भारत के बेहतर रिश्ते हैं, पर यूक्रेन व रूस से जंग के बाद यूरोप के तेवर भारत के प्रति भूराजनीतिक परिदृश्य और वैश्विक व्यापार के नजरिये से व्यवहारिक नहीं थे। इस जंग को लेकर ट्रंप के बदले रुख से यूरोप बैकफुट पर आ गया है, वह जंग समर्थक दिख रहा है, जबकि उसे जंग को समाप्त कराने की दिशा में प्रयासरत दिखना चाहिए। यूरोप को अपनी कथनी व करनी को लेकर आत्मचिंतन करना चाहिए।



टैरिफ वार आर्थिकी
प्रो. अश्वनी महाजन

# विश्व में चीनी माल की बाढ़ संभव

> हालांकि, अमेरिका को छोड़कर भारत समेत किसी भी देश ने चीन पर टैरिफ नहीं बढ़ाया है, लेकिन अधिकांश देश, चीन द्वारा की जाने वाली डंपिंग से चिंतित हैं, जिससे उनके घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। डंपिंग को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में दुरुपयोग माना जाता है। चीन ने डंपिंग की इस कला में महारत हासिल कर ली है, इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार में हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसका उद्देश्य आयात करने वाले देशों के घरेलू उद्योग को खत्म करना है। हम न केवल चीन से उत्पन्न होने वाले चीनी सामानों पर बल्कि बाहर कारखानों द्वारा उत्पादित सामानों पर भी अंकुश लगाने के लिए अमेरिका के नए प्रस्तावित कानूनों से संकेत ले सकते हैं।

हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा के एक सप्ताह से भी कम समय में, 8 अप्रैल, 2025 को 75 देशों पर अपने पारस्परिक टैरिफ को रोक दिया, लेकिन इस रोक में एकमात्र अपवाद था चीन, जिस पर ट्रंप ने पहले 125 प्रतिशत टैरिफ लगाया, जिसे बाद में बढ़ाकर 245 प्रतिशत कर दिया गया है, जिसे हम 'दंडात्मक टैरिफ' भी कह सकते हैं, क्योंकि चीन ने ट्रंप द्वारा पारस्परिक टैरिफ का जवाब देने का विकल्प चुना है। एक्स पर अपने पोस्ट में ट्रंप ने कहा, 'चीन ने विश्व के बाज़ारों के प्रति जो सम्मान नहीं दिखाया है, उसके आधार पर, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा चीन पर लगाए जाने वाले टैरिफ को तत्काल प्रभाव से बढ़ाकर 125% कर रहा हूं। उम्मीद है कि निकट भविष्य में किसी समय चीन को एहसास होगा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों को लूटने के दिन अब टिकाऊ या स्वीकार्य नहीं हैं।' हालांकि, अमेरिका को छोड़कर भारत समेत किसी भी देश ने चीन पर टैरिफ नहीं बढ़ाया है, लेकिन अधिकांश देश, चीन द्वारा की जाने वाली डंपिंग से चिंतित हैं, जिससे उनके घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। डंपिंग को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में दुरुपयोग माना जाता है।

चीन ने डंपिंग की इस कला में महारत हासिल कर ली है, इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसका उद्देश्य आयात करने वाले देशों के घरेलू उद्योग को खत्म करना है और एक बार जब कोई देश चीनी सामग्रियों पर निर्भर हो जाता है, तो फिर उसका शोषण शुरू हो जाता है। सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) का मामला चीनी डंपिंग और शोषण का ज्वलंत उदाहरण हैं। 2004 के बाद, पेनिसिलिन जी और फोलिक एसिड सहित कई प्रकार की एपीआई को भारतीय बाजारों में बेहद कम कीमतों पर डंप किया गया। इस खेल में न केवल भारतीय एपीआई उद्योग को खत्म कर दिया गया, बल्कि देश की स्वास्थ्य सुरक्षा को भी खतरे में डाल दिया गया। मार्च में, भारत ने घरेलू उद्योगों को चीनी डंपिंग से बचाने के लिए चार चीनी वस्तुओं- सॉफ्ट फेराइट कोर, वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क, एल्यूमीनियम पन्नी और ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया था। एंटी-डंपिंग शुल्क 276 अमेरिकी डॉलर से लेकर 1,732 अमेरिकी डॉलर प्रति टन तक है और यह पांच साल के लिए है। इससे पहले 2024 में ही, व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) द्वारा दायर एंटी-डंपिंग जांचों में से 79 प्रतिशत चीनी उत्पादकों के खिलाफ दायर की गई थीं। यह ध्यान देने योग्य है कि डीजीटीआर भारत में व्यापार उपायों की जांच और सिफारिश करने के लिए जिम्मेदार शीर्ष निकाय है, जो अन्य उपायों के साथ-साथ डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की भी सिफारिश करता है। चीन पहले से कहीं ज्यादा डंप क्यों करेगा? कारण यह है कि अमेरिकी टैरिफ के बाद, चीन के लिए अमेरिका को इतनी आसानी से निर्यात करना मुश्किल हो जाएगा; इसलिए, चीन अपने उत्पादों को अन्य बाजारों में डंप करने के लिए मजबूर होगा। सर्वप्रथम चीन के पास बहुत अधिक अतिरिक्त उत्पादन क्षमता है, जिससे अधिशेष उत्पादन



होता है। कुछ बाजारों में बेचने की क्षमता, चीन को अन्य बाजारों में समान सामग्री डंप करने के लिए मजबूर करती है। चीन का ध्यान हमेशा निर्यात आधारित विकास पर रहा है, जिसे सरकार का समर्थन प्राप्त है। दूसरे, चीनी कंपनियों को अन्य रूपों में सब्सिडी और सरकारी सहायता मिलती है, जिससे वे अपने उत्पादों को कृत्रिम रूप से कम कीमतों पर बेच पाते हैं। तीसरे, व्यापार तनाव भी वैकल्पिक बाजारों पर किसी तरह नियंत्रण करने के चीनी खेल का हिस्सा है। चीनी डंपिंग को लेकर आशंकाएं बेवजह नहीं हैं। अतीत में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जब चीन ने भारत समेत विदेशी बाज़ारों में डंपिंग की अनैतिक प्रथा अपनाई। अतीत में, हमारा एपीआई उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक और टेलीकॉम उद्योग, कपड़ा और परिधान उद्योग, खिलौना उद्योग और कई अन्य उद्योग चीनी डंपिंग का शिकार रहे हैं। सरकार के ठोस प्रयासों के बावजूद, ये उद्योग चीन से अनुचित प्रतिस्पर्धा की छाया से बाहर नहीं आ पाए। उल्लेखनीय है कि अमेरिका लंबे समय से चीनी आयात पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रहा है। हालांकि, ट्रंप के कार्यकाल में चीन को अपने निर्यात को अन्य तरीकों से बदलने का कोई मौका न देने के उद्देश्य से ठोस प्रयास किए गए हैं, ताकि ट्रंप के टैरिफ से बचा जा सके। इस संदर्भ में अमेरिकी सीनेट ने दो विधेयक पेश किए हैं, नीदर परमानेंट नॉर नार्मल ट्रेड रिलेशंस अधिनियम (पीएनटीआर अधिनियम) और एक्सिंग नॉन मार्केट टैरिफ इवेजन एक्ट (एएनटीई अधिनियम)। पहला पीएनटीआर चीन से आयात पर केंद्रित है और दूसरा एएनटीई अन्य देशों में माल का उत्पादन करने वाली चीनी फर्मों को लक्षित करता है, जबकि पीएनटीआर अधिनियम चीन से सीधे आने वाले माल को प्रतिबंधित करेगा और एएनटीई अधिनियम वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया और थाईलैंड जैसे देशों में चीनी स्वामित्व वाली फैक्ट्रियों से आने वाले माल को प्रतिबंधित करेगा, इसलिए नए कानूनों के माध्यम से अमेरिका उन सभी संभावित माध्यमों को बंद करने की कोशिश कर रहा है, जिनसे चीन अमेरिका में अपने उत्पादों को बेचने की कोशिश कर सकता है। भारत द्वारा चीनी डंपिंग को रोकने के लिए विभिन्न तरीकों के बावजूद, चीनी आयात पर निर्भरता लगातार बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में, अप्रैल से फरवरी के बीच के पहले 10 महीनों में, चीन से भारत का आयात एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 10.4% बढ़कर 103.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। दूसरी ओर, चीन को निर्यात 15.7% घटकर 12.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया। इससे जाहिर तौर पर चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़ गया है।

चीनी डंपिंग को रोकने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। अब जब भारत दुनिया के लिए विनिर्माण केंद्र बनने की आकांक्षा रखता है, तो वह चीन से डंपिंग के किसी भी नए दौर को बर्दाश्त नहीं कर सकता, क्योंकि यह उसके आत्मनिर्भर भारत के सपने को खतरे में डाल सकता है। हमें न केवल चीन को भारतीय बाजारों में अपने माल की डंपिंग के अनैतिक और अवैध तरीकों का उपयोग करने से रोकने के लिए अपनी प्रशासनिक मशीनरी को सुव्यवस्थित करना होगा। जब भी भारत ने एंटी-डंपिंग शुल्क या सुरक्षा उपायों या किसी अन्य तरीके का इस्तेमाल किया है, तो चीन ने इसे टालने की कोशिश की है। उत्पाद संशोधन, अवशोषण, परिहार, या और कई अन्य तरीके। चीन भी आसियान और अन्य देशों के माध्यम से अपने माल को पुनः भेज रहा है। चीनी सामानों पर अंकुश लगाने के नई दिल्ली के प्रयासों को विफल करने के लिए, चीन ने अपने कारखानों को अन्य देशों में स्थानांतरित कर दिया है। हम न केवल चीन से उत्पन्न होने वाले चीनी सामानों पर बल्कि बाहर स्थापित चीनी कारखानों द्वारा उत्पादित सामानों पर भी अंकुश लगाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के नए प्रस्तावित कानूनों से संकेत ले सकते हैं।

## आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

## धैर्य से काम लेने में ही समझदारी है



संकलित
प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गांव में घूमते हुए काफ़ी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गांव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गांव में अंदर गया तो उसने देखा वहां एक नदी थी जहां बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहां नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गई और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।



भोपाल कांड
डॉ. मोनिका शर्मा

# शोषण के भयावह दुष्चक्र को तोड़ने में सजगता आवश्यक

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक कॉलेज में छात्राओं के शारीरिक शोषण और फिर ब्लैकमेलिंग की घटना से जुड़े सभी पहलू भयावह हैं। ध्यातव्य है कि आरोपियों ने न केवल योजनागत रूप से अंजाम दिए गए अपने कुत्सित कर्मों को स्वीकार कर लिया है, बल्कि उनके मोबाइल और लैपटॉप में इसके सबूत भी सामने आए हैं। फोन में अश्लील वीडियो में 10-15 लड़कियों के वीडियो मिले हैं। शोषण के चक्रव्यूह में सोच-समझकर हिंदू लड़कियों को फंसाने और उनका शोषण करने के बाद ब्लैकमेल कर जिस्मफरोशी के धंधे में धकेलने की बात सामने आई है। बाकायदा गिरोह बनाकर छात्राओं का शोषण करने वालों के इस समूह में कई लोग शामिल हैं। पुलिस ने छह से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया है,जबकि कई आरोपी अभी फरार हैं। मामला मध्यप्रदेश के कई शहरों और कोलकाता एवं बिहार तक फैला है। देशभर के परिवारों को भयभीत करने वाले इस मामले में सामने में आया है कि पहले पहचान छिपाकर सहज मित्रता की गई। बाद में शारीरिक संबंधों का वीडियो बना डरा-धमकाकर शोषण का सिलसिला जारी रखा गया। जांच में सामने आया है कि छात्राओं को नशा देकर उनके अश्लील वीडियो निकाले गए। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि मानसिक रूप से कमजोर करने और अपने नियंत्रण में रखने के लिए कई लड़कियों को जान बूझकर नशे की लत लगाई गई। ज्ञात हो कि यह कांड सामने आने के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और महिला आयोग ने भी मामले का संज्ञान लिया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भोपाल पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। वहीं राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने की बात कही है। हाल के बरसों में तय रणनीति तहत स्कूल-कॉलेज की छात्राओं के साथ जालसाजी और शोषण के कई मामले सामने आए हैं। कुछ समय पहले राजस्थान के ब्यावर में 6 नाबालिग बच्चियों को ब्लैकमेल कर देह शोषण और धर्म बदलने का दबाव बनाने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ था। भोपाल में हुए इस मामले में भी शारीरिक शोषण के अलावा कई दुर्भाव भरी हरकतें की गईं। पीड़िताओं को ब्लैकमेल कर अपने दोस्तों से मिलने के लिए मजबूर किया गया। पीड़िताओं के मुताबिक नशा करने धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया। बुर्का पहनकर तस्वीर भेजने को विवश किया गया। लड़कियों ने ऐसी तस्वीरें भेजी भी हैं, जिनसे जुड़े चैट्स आरोपियों के फोन से मिले हैं। इतना ही नहीं शारीरिक शोषण के वीडियो विदेश में बेचे जाने का भी आरोप है। मामले से जुड़ी इन बातों पर गौर करने से पता चलता है कि ऐसी सुनियोजित साजिश केवल शारीरिक शोषण का मामला नहीं है। आपराधिक मानसिकता के पीछे दुर्भाव भरी स्याह सोच भी मौजूद है। यही पक्ष ऐसी घटनाओं की भयावहता को और बढ़ा देता है। दरअसल, झूठ की बुनियाद पर मित्रता और फिर शोषण के अंधकार में धकेलने के ऐसे मामले समग्र समाज को चिंता में डालते हैं। आपसी भरोसे के रीतने का परिवेश बनाते हैं। धार्मिक स्वतंत्रता वाले हमारे देश में छात्राओं के साथ हुई यह धोखाधड़ी कई मोर्चों पर सोचने को विवश करती है। तकनीक के गलत इस्तेमाल से लेकर धार्मिक स्वतंत्रता के हनन से जुड़े प्रयास तक ऐसी घटनाएं समाज में दरार डालने का भी काम करती हैं। ज्ञात हो कि आरोपियों के खिलाफ पोक्सो अधिनियम, मध्य प्रदेश धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। देश के हर परिवार को स्तब्ध कर देने वाले इस मामले में कुत्सित प्रवृत्ति के लोगों को कड़ी सजा मिलना आवश्यक है। साथ ही बेटियों के स्वजनों को भी सजग रहने दरकार है

## अंतर्मन




### आज की पाती

### बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बढ़ी सुगबुगाहट

बिहार में विधानसभा चुनाव होना है। चुनाव प्रचार के लिए हर पार्टी के नेता मैदान में डटे हुए है। बिहार में एनडीए की सरकार है। पार्टी को भरोसा है कि इस बार भी सीएम नीतीश कुमार की सरकार बनेगी। चुनाव का बिगुल बजते ही पार्टियां हमलावर हो गई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि बिहार में विकास ,कानून व्यवस्था और भाईचारा चाहिए, वो मिल रहा है। नीतीश कुमार के राज में विकास की गंगा बह रही है।उधर, कांग्रेस ने एनडीए पर निशाना साधते हुए कहा कि वे संविधान बदलना चाहते है। प्रोपोगेंडा फैलाना कांग्रेस को पहले भी भारी पड़ा था। कांग्रेस के पास वैसे भी सत्तारूढ़ सरकार को घेरने के कोई मुद्दे नही है। कांग्रेस पिछले सभी चुनावो में जीरो पर अटकी हुई थी।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### खिलाड़ियों को शुभकामनाएं



बिहार में आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। यह मंच आपकी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को सामने लाए और सच्ची खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा दे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### प्रेस की स्वतंत्रता खतरे में



प्रेस की स्वतंत्रता अभूतपूर्व खतरे का सामना कर रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन कर सकती है- या इसे दबा सकती है। पक्षपातपूर्ण एल्गोरिदम, सरासर झूठ और नफरत फैलाने वाले भाषण इंटरनेट पर बारूदी सुरंग हैं।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### पाक की हिम्मत



पाक आतंकवादियों ने हमारे 26 निर्दोष लोगों को मार दिया, सबने एक आवाज में कहा "मोदीजी घर में घुसकर आतंकवादियों को मारो पीओके वापस लो।" मोदीजी बिहार चुनाव में व्यस्त हो गये। पाक की हिम्मत देखिए वो एलओसी फायरिंग कर रहा है।

-संजय सिंह, आप नेता

### कोशिश करें, आगे बढ़ें



अगर आपको नहीं पता कि आप क्या चाहते हैं तो यह पता लगाना आपका मिशन होना चाहिए। स्पष्टता सोचने से नहीं आती, यह काम करने से आती है। गलत रास्ता भी आपको अटके रहने से कहीं ज़्यादा सिखाएगा। कोशिश करें। आगे बढ़ें। सीखें। मदद करें। कुछ करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

### पेरू की सोने की खदान से अपहृत 13 श्रमिक मृत मिले

पेरू में सोने की प्रमुख खदान से करीब एक सप्ताह पहले अपहृत किए गए 13 सुरक्षा गार्ड के शव रविवार को बरामद किए गए। उनकी मौत ऐसे समय में हुई है, जब दक्षिण अमेरिकी देश के महत्वपूर्ण खनन उद्योग में हिंसा बढ़ गई है। पेरू के गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सोने की खदान, ला पोडेरोसा की ओर से कहा गया कि खोज और बचाव दल ने रविवार को खदान में कर्मचारियों के शव बरामद किए। कंपनी ने उनके अपहरण का आरोप अनौपचारिक खनन कर्मियों पर लगाया, जो कथित तौर पर आपराधिक गिरोहों से जुड़े थे। आरोप है कि इन खनन कर्मियों ने 26 अप्रैल को सोने की खदान पर घात लगाकर हमला किया था।



## ऑफ बीट

### क्या विटामिन डी से रोका जा सकता है कोलोरेक्टल कैंसर

कम विटामिन डी स्तर को लंबे समय से कोलोरेक्टल कैंसर होने के उच्च जोखिम से जोड़ा जाता रहा है। विटामिन डी के कम रक्त स्तर वाले लोगों में उच्च स्तर वाले लोगों की तुलना में सीआरसी होने का जोखिम 31 प्रतिशत अधिक था। इसी तरह, एक अन्य अध्ययन में विटामिन डी युक्त आहार का सेवन करने वाले व्यक्तियों में सीआरसी जोखिम 25 प्रतिशत कम होने की बात सामने आयी। सबसे अधिक विटामिन डी का सेवन करने वाली महिलाओं में सबसे कम सेवन करने वाली महिलाओं की तुलना में कोलोरेक्टल कैंसर विकसित होने का जोखिम 58 प्रतिशत कम था।



## संक्षेप

### बारात में आए युवक की छत से गिरकर मौत

**परिजनों ने लगाया हत्या करने का आरोप, पुलिस से की कार्रवाई की मांग**

बांदा, बारात में शामिल होने आए युवक की छत से गिरने से मौत हो गयी। वह अपने दोस्त सुमित यादव की शादी में बारात में शामिल होने आया था। कानपुर के घाटमपुर निवासी 21 वर्षीय मोहम्मद निहाल की मौत पर परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाया है। सुमित यादव की शादी तेजिया पैलेस नामक एक भवन में हो रही थी। यह भवन गेस्ट हाउस के नाम से चल रहा है। सुमित का विवाह कस्बे के कन्हैया लाल यादव की बेटी कोमल से हो रही थी। द्वारचार और जयमाला के बाद सभी बाराती खाना खाकर तीन मंजिला भवन में सोने चले गए। बाराती और कन्या पक्ष के लोगों को निहाल छत से गिरकर सीसी रोड पर पड़ा मिला। उसे तुरंत जसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता जमालुद्दीन का आरोप है कि उनके बेटे की सिर में रॉड मारकर हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि कथित गेस्ट हाउस वास्तव में एक वृद्धा आश्रम है। उनका कहना है कि इस स्थान पर मानक के अनुसार सीसीटीवी नहीं लगे हैं। इस कारण घटना की सच्चाई सामने नहीं आ पा रही है।

### बारात से लौट रही वैन डंफर से टकराई

**एक व्यक्ति की मौत, चार घायल; मृतक के चार बच्चे**

बांदा, उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के कमसिन थाना क्षेत्र में ग्राम खरौली के पास सड़क हादसा हुआ। केलान गांव से बारात से लौट रही यात्रियों से भरी वैन आगे चल रहे डंफर से टकरा गई। हादसे में फतेहपुर जिले के किसनपुर निवासी अजय कुमार (45) की मौके पर ही मौत हो गई। चार अन्य बाराती घायल हुए। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कटर मशीन की मदद से घायलों को वैन से बाहर निकाला। सभी घायलों को तत्काल ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। मृतक अजय कुमार अपने एक दोस्त की बारात में शामिल होने आए थे। वह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके चार बच्चे हैं, जिनमें दो लड़कियां और दो लड़के शामिल हैं। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दूल्हे की गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटी

**भतीजी की मौत, दूल्हा समेत 5 घायल; चालक चलती गाड़ी में मोबाइल देखने लगा**

बांदा, पैलानी थाना क्षेत्र के हमीरपुर मार्ग पर तेज रफ्तार में जा रही दूल्हा गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दूल्हे की भतीजी प्रियंका की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूल्हा समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया है। चालक शराब के नशे में चलती गाड़ी में मोबाइल देखने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान वाहन असंतुलित होकर हादसे का शिकार हो गया। बारात मवई गांव, बांदा से हमीरपुर जनपद के पचखुरा खुर्द गांव के लिए रवाना हुई थी। परिजन बता रहे हैं कि दूल्हा गाड़ी को गुल्लू नाम का युवक चला रहा था।

# धार्मिक के साथ ही आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा दें मदरसा शिक्षक : संजय मिश्रा

**मदरसों में उर्दू के साथ ही हिंदी गणित अंग्रेजी विज्ञान पर भी जोर देने के लिए निर्देश**

अमन लेखनी समाचार /मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। सरकार द्वारा अनुदानित मदरसों के संचालन की जांच के दौरान पाया गया कि अधिकांश मदरसों में मात्र धार्मिक शिक्षा ही दी जाती है, आधुनिक शिक्षा को दबाया जाता है। इसको देखते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने गुरुवार को मदरसों के शिक्षकों के साथ एक बैठक अपने कार्यालय पर आयोजित की। इस दौरान उन्होंने सख्त लहजे में मदरसों के शिक्षकों को निर्देश दिया की धार्मिक शिक्षा के साथ ही आधुनिक शिक्षा जिसमें हिंदी गणित अंग्रेजी विज्ञान आदि को भी बढ़ावा दें अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। मदरसों को सिर्फ धार्मिक शिक्षा तक सीमित न रखें। जनपद के संचालित अनुदानित मदरसे के प्रधानाचार्य की बैठक जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र के कार्यालय पर संपन्न हुई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मदरसों की प्रगति और अपार आईडी के प्रगति की समीक्षा की गई। मदरसों में आदर्श प्रशासनिक योजना के निर्माण हेतु निर्देशित किया गया। एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को अनिवार्य रूप से लागू किए जाने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के समय पाया जाता है कि मदरसों में व्यवस्थित टाइम टेबल का प्रयोग नहीं किया जाता है इस हेतु निर्देशित किया गया कि टाइम टेबल बनाकर एक प्रति कार्यालय में प्रेषित करें और इसका कड़ाई से पालन करें। मदरसों में धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा पर भी जोर देने के लिए निर्देशित किया गया जाता है। बच्चों को अंग्रेजी, हिंदी, विज्ञान का ज्ञान नहीं के बराबर होता है इन स्थितियों को नजर अंदाज नहीं किया जाएगा। स्थिति में सुधार और सकारात्मक परिवर्तन के लिए कठोर निर्देश दिए गए। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि बैठक के बाद यदि मदरसा के शिक्षकों ने सुधार नहीं किया और जांच में लापरवाही मिली तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर दारुल उलूम अशरफिया हसमतुरिजा , मदरसा निस्बाहुल उलूम सहित कई मदरसों के शिक्षक उपस्थित रहे।

# दो बाईकों में भिड़ंत, बाइक पर सवार दो लोग हुए घायल

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। बुधवार देर रात लगभग 8:30 बजे के आसपास थाना क्षेत्र के लखनऊ बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कुंण्डासर चौराहे के पास फखरपुर की तरफ से जा रहे चाचा भतीजे को कैसरगंज की तरफ से आ रही अज्ञात बाइक ने ठोकर मार दिया जिससे चाचा भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रदीप गुप्ता उम्र करीब 45 वर्ष व संदीप गुप्ता उम्र करीब 35 वर्ष निवासी देवलखा थाना कैसरगंज गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को कैसरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने हालात गंभीर देखकर लखनऊ रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली तहरीर मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी। फखरपुर क्षेत्र के अंतर्गत स्वताली कुंडासर में बीते 7:30 बजे एक बाइक और ई रिक्शा में टक्कर हो गई जिसमें बाइक पर सवार दिलीप कुमार पुत्र राम अवतार निवासी सिदर्खी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे थाना फखरपुर के कुंडासर चौकी में तैनात आरक्षी राहुल सिंह ने मानवता की मिसाल पेश की तत्काल एंबुलेंस को बुलवाकर घायल को स्वयं उठाकर एंबुलेस में लेटाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज भेजवाकर परिजनों को सूचना पहुंचाई।

# आज कैसरगंज मे 8 घण्टे बिजली रहेगी बाधित

**विद्युत मरम्मत कार्य हेतु बाधित रहेगी विद्युत व्यवस्था**




### आमजन से सहयोग की अपील

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कल दिनांक 9 अप्रैल दिन शुक्रवार को 33/11 के0 वी0 विद्युत उपकेंद्र कैसरगंज देहात व तहसील पर नई वी0सी0बी0 को लगाने का कार्य मेसर्स एन0सी0सी0 प्रा0लि0 द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। जिस कारण विद्युत उपकेंद्र कैसरगंज देहात व तहसील के समस्त फीडरो की विद्युत आपूर्ति प्रातः 9 बजे से 5 बजे (8 घण्टे) तक बाधित रहेगी। इस दौरान उपकेंद्रों संबंधित क्षेत्र कैसरगंज तहसील टाउन व ग्राम एनी गंडारा बदरौली देवलखा बढौली कंदेला नौगाइयां मंगल मेला आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी की तरफ से आम जन मानस से अनुरोध किया गया कि पेयजल एवम अन्य व्यवस्था पूर्व से ही कर ले।

# बैक के बड़े बकायेदारों पर हुई कार्यवाही

**नायब तहसीलदार कैसरगंज ने की कुर्की की कार्यवाही**

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद के निर्देश पर नायब तहसीलदार फखरपुर सचिन कुमार श्रीवास्तव ने गजाधरपुर क्षेत्र में जमीन कुर्की की कार्यवाही की। मामला उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक फखरपुर व गजाधरपुर का है। जहां पर गजाधरपुर शाखा की बकायदार ज्ञानवती पत्नी सत्यनारायण निवासी टेंडवा अल्पी मिश्र की बकाया धन राशि 633411 प्लस ब्याज बैंक की बड़ी बकाया थी। जिसके क्रम में नायब तहसीलदार के द्वारा उनके कृषि भूमि गट नंबर 1058 वी 772 ए पर झड़ी लगाकर कुर्की की कार्यवाही की गई। इसी गांव की वैभव लक्ष्मी नारायण बकाया धनराशि 361 248 के क्रम में उनकी गाटा संख्या 772 बा पर भी झंडा लगाकर कार्रवाई की गई। इसके बाद उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा फखरपुर की बकायदार दिलीप कुमार पुत्र बाबूराम निवासी अराईकला जिनका बकाया 324331 प्लस ब्याज जिनकी कृषि योग्य भूमि गाटा 254 पर लाल झंडा लगाकर कुर्की के कार्यवाही की गई। नायब तहसीलदार फखरपुर ने बताया कि तुर्की के बाद बकायेदार के पास 14 दिन का समय होता है 14 दिन के अंदर अगर किसान अपना बकाया जमा कर देता है तो उसे उसकी जमीन वापस कर दी जाती है। नहीं जमा करने पर आगे नीलामी की कार्यवाही की जा सकती। कुर्की अभियान टीम में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रमेश चौधरी वरिष्ठ प्रबंधक प्रमोद कुमार अनिरुद्ध चौधरी शाखा प्रबंधक फखरपुर अभिनव श्रीवास्तव शाखा प्रबंधक गजाधरपुर राजन पांडे लेखपाल महावीर राय अमीन भीमसेन सिंह सुनीता सिंह विश्वनाथ कुमार हेमेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# समसुद्दीन ने ईमानदारी की पेश की मिसाल

**ऑटो चालक ने एक लाख रुपए के सोने के जेवर किये वापस**



अमन लेखनी समाचार/सिराज अली कादरी

कैसरगंज बहराइच। थाना कैसरगंज के अंतर्गत ऑटो रिक्शा चालक समसुद्दीन के बैटरी रिक्शा पर कल बुधवार के दिन एक यात्री राधा कुमारी अगापुर कुट्टी की रहने वाली जरवल कस्बा से बैठकर कुंडासर को गई थी। लेकिन उसका बैग बैटरी रिक्शा में रह गया। उसमें कीमती जेवर नाक कान गले का टीका मंगलसूत्र सोने व चांदी के जेवरात करीब 1 लाख रुपए के थे। यात्री को गाड़ी नंबर याद था, पीड़िता राधा कुमारी ने थाना कैसरगंज में तहरीर दी पुलिस के अथक प्रयास से ऑटो चालक को बुलाया गया। ऑटो चालक ने बैग एवं कीमती जेवर सब पूरी ईमानदारी के साथ पुलिस की मौजूदगी में वापस कर दिया। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर शिवम पांडे एवं थाना कोतवाली कैसरगंज की पुलिस भी मौजूद रही।

# शादी में खाना खाते समय सीने पर मारी गोली

**अमेठी के मुसाफिरखाना में हुई घटना, महिलाओं के बीच जा कर खाना खाने पर हुआ विवाद**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के तुनियातर गांव में एक शादी समारोह के दौरान गोली चलने की घटना सामने आई है। घटना में संजय यादव नामक एक युवक घायल हो गया। घायल के भाई शिवम यादव ने बताया कि वे बारात में खाना खा रहे थे। इस दौरान कुछ लोग महिलाओं के बीच खड़े होकर भोजन कर रहे थे। महिलाओं के विरोध करने के बावजूद वे नहीं माने। जब शिवम और उनके साथी उन्हें वहां से हटने को कहा तो विवाद शुरू हो गया। विवाद के दौरान दोनों पक्षों में हाथापाई हुई और कुर्सियां टूटीं। इसी बीच शैलेंद्र यादव ने संजय यादव पर गोली चला दी। गोली संजय के सीने में लगी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी मुसाफिरखाना ले गई। डॉक्टरों ने संजय की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। मुसाफिरखाना कोतवाली प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों पक्षों ने शराब पी रखी थी। पुलिस ने तीन नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

# बेटे को बचाने में मां की गर्दन कटी, मौत

**अलीगढ़ में तेज आंधी में उड़ गया था टीन शेड, झोपड़ी में फंसे बेटे को बाहर लाने गई थी महिला**

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़, अकराबाद थाना क्षेत्र के गांव मंडनपुर में तेज आंधी एक महिला के लिए काल बनकर आई। महिला तेज आंधी के दौरान झोपड़ी में फंसे हुए अपने बेटे को बाहर निकालने के लिए गई थी। इसी दौरान सीमेंट का टीन शेड हवा में उड़ गया और उसका एक टुकड़ा महिला के ऊपर गिरा। सीमेंटेड टीन का टुकड़ा सीधे महिला की गर्दन में जाकर धंस गया, जिससे उसका गला कट गया और वह लहुलुहान होकर जमीन पर गिर गई। मौके पर ही महिला की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा भी घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर गांव के लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। महिला को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अकराबाद के गांव मंडनपुर निवासी अजय कुमार ट्रक के हेल्पर हैं। उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए वह गांव में झोपड़ी बनाकर परिवार के साथ रहते थे। परिवार में उनकी पत्नी कुमकुम (35) और पांच बच्चे थे। शाम को तेज आंधी शुरू हो गई और उनकी झोपड़ी उड़ गई। आंधी के समय उनका बेटा झोपड़ी के अंदर ही था और फंस गया था। बेटे को फंसा देखकर कुमकुम देवी उसे बाहर निकालने के लिए पहुंची थी, लेकिन इसी दौरान तेज हवा के कारण एक सीमेंटेड टीन आकर वहां गिरी और उसका एक टुकड़ा उनकी गर्दन में जा धंसा। जिसके कारण वह गंभीर घायल हो गई और खून बहने के कारण उनकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर सीओ बरला गर्वित सिंह, नायब तहसीलदार कोल नीलू सिंह, इंस्पेक्टर डीके सिसौदिया, क्षेत्रिय लेखपाल समेत अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों को बताया गया कि महिला की मौत के कारण उनके पांच बच्चे अंजलि, पूजा, पूनम, मोहित और नीरज का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। अधिकारियों ने परिवार को आश्वासन दिया है कि उन्हें सरकार की ओर से मिलने वाली हर संभव मदद और आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी। सीओ गर्वित सिंह ने बताया कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

# सड़कों पर अवैध पार्किंग वसूली

**व्यापारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी, 70 हजार का ठेका 49 हजार में दिया**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, नगर पालिका द्वारा पीडब्ल्यूडी और राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कों पर की जा रही पार्किंग वसूली को लेकर विवाद गहरा गया है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अरुण कुमार से मिलकर कार्रवाई की मांग की है। 2021 के शासनादेश के मुताबिक, नगर पालिका परिषद को लोक निर्माण या राष्ट्रीय राज्य मार्ग की सड़कों पर पार्किंग शुल्क वसूलने का अधिकार नहीं है। शासनादेश में यह भी कहा गया है कि पहले से मौजूद ऐसी पार्किंग को 24 घंटे में हटाना अनिवार्य है। नगर पालिका ने हाल ही में चार पहिया वाहनों के साथ ई-रिक्शा से भी ठहराव शुल्क वसूली का ठेका दिया है। त्रिपाठी ने कहा कि यह शासनादेश का उल्लंघन है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अवैध वसूली नहीं रोकी गई तो व्यापारी मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन करेंगे। ठेके पैसों का होगा बंटवारा ठेके को लेकर भी गंभीर आरोप लगे हैं। पहले 70 हजार का ठेका निरस्त कर 58 हजार से ऊपर का टेंडर निकाला गया। बाद में 49 हजार में ठेका दिया गया। त्रिपाठी के अनुसार, केवल 49 हजार रुपये नगर पालिका के खाते में जमा होंगे, शेष राशि का अनियमित बंटवारा होगा।

**अधिशासी अधिकारी ने दिया आश्वासन**

अधिशासी अधिकारी अरुण कुमार ने व्यापारियों को आश्वासन दिया है कि वे नगर पालिका परिषद को पत्र लिखकर लोक निर्माण की पटरियों को खाली करवाएंगे। व्यापार मंडल ने पीडब्ल्यूडी सड़कों पर किए गए अवैध निर्माण को हटाने और ई-रिक्शा से जुड़े नए ठेके को निरस्त करने की मांग की है।

# अज्ञात वाहन ने दो लोगों को कुचला

**बुजुर्ग महिला की मौत, युवक जिला अस्पताल में भर्ती**




अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, जामो थाना क्षेत्र के बंधवा के पास एक सड़क हादसा हुआ। पैदल घर जा रहे दो लोगों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में पूरे देव नारायण रेशी निवासी 65 वर्षीय गीता की मौके पर ही मौत हो गई। पासिन पुरवा रेशी निवासी शिवकुमार के 25 वर्षीय पुत्र शत्रुघ्न घायल हो गए। जामो पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों को जामो सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टरों ने गीता को मृत घोषित कर दिया। शत्रुघ्न को जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों की मौजूदगी में महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। जामो एसएचओ विनोद सिंह के अनुसार हादसा करने वाली गाड़ी की तलाश जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# यमुना एक्सप्रेस वे ऑटोरिटी की बड़ी लापरवाही

**12 घंटे तक खराब खड़ी रही बस, यात्री रहे परेशान, एक्सप्रेस वे पर हुई महिला को हुई प्रसव पीड़ा**

अमन लेखनी समाचार



मथुरा, यमुना एक्सप्रेस वे ऑटोरिटी की बड़ी लापरवाही सामने आई है। टोल टैक्स वसूलने के नाम पर सुविधा देने का दावा करने वाली एक्सप्रेस वे ऑटोरिटी चैन की नींद सोती है। यह देखने को तब मिला जब यहां थाना सुरीर क्षेत्र में एक्सप्रेस वे पर एक बस खराब हो गई और 12 घंटे तक उसमें बैठे रहे यात्री परेशान होते रहे। इतना ही नहीं बस में सवार एक महिला यात्री की सड़क पर ही डिलीवरी करानी पड़ी। जिसका नतीजा यह हुआ कि नवजात शिशु की मौत हो गई दिल्ली के सराय काले खां से बागेश्वर धाम जा रही प्राइवेट बस थाना सुरीर क्षेत्र में माइल स्टोन 79 पर खराब हो गई। बस के ड्राइवर और कंडक्टर ने बस को सही करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद बस के सही होने का यात्री सड़क किनारे ही इंतजार करने लगे। खराब हुई बस जब सुबह 9 बजे तक सही नहीं हुई तो यात्रियों का धैर्य जवाब दे गया। यात्रियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। जिसकी सूचना मिलते ही सुरीर पुलिस मौके पर पहुंची और एक्सप्रेस वे कर्मियों को बुलाया। इसी बीच एक महिला के प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। जिसके कारण उसकी एक्सप्रेस वे पर ही डिलीवरी हुई लेकिन नवजात शिशु मृत हो गई। हंगामा बढ़ता देख पुलिस और एक्सप्रेस वे कर्मियों ने यात्रियों को विभिन्न वाहनों से मौके से रवाना किया। दिल्ली से बागेश्वर जा रही बस में 125 से ज्यादा यात्री थे। स्लीपर क्लास बस में ओवर लोडिंग सवारियां थीं। बस सुनसान इलाके में खड़ी रही। गनीमत रही कि इस दौरान उनके साथ कोई घटना घटित नहीं हुई। सवाल उठता है कि भारी भरकम टोल लेने वाले एक्सप्रेस वे ऑथोरिटी, सुरक्षा का दावा करने वाली पुलिस और परिवहन विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी रात में कहां रहे।

## संक्षेप

### दहेज में 4 लाख की मांग पर टूटी शादी

**मुजफ्फरनगर के दूल्हे ने बारात लाने से किया मना, पीड़ित परिवार ने थाने में दी शिकायत**

मोदीनगर, गांव भोजपुर में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक शादी टूट गई। लड़की के पिता ने मुजफ्फरनगर के एक युवक से अपनी बेटी की शादी तय की थी। 20 जनवरी को सगाई हुई और शादी की तारीख 6 मई तय की गई। लड़की पक्ष शादी की तैयारियों में जुटा था। इसी बीच 4 अप्रैल की रात करीब 9 बजे लड़के के पिता का फोन आया। उन्होंने दहेज में 4 लाख रुपए की मांग की। लड़की के पिता ने इतनी रकम का इंतजाम न कर पाने की बात कही। दहेज की मांग पूरी न होने पर लड़के पक्ष ने बारात लाने से साफ मना कर दिया और फोन काट दिया। लड़की के परिवार ने बीच-बचाव के लिए बिचौलियों से संपर्क किया। लेकिन बिचौलियों ने भी दहेज की मांग पूरी करने की बात दोहराई निकाह टूटने से युवती बेहद दुखी है। पीड़ित परिवार ने भोजपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एसीपी मोदीनगर ने कहा कि मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व मंत्री हाजी याकूब की पत्नी को मिली जमानत

**गैंगस्टर एक्ट के मामले में किया था कोर्ट में सरेंडर**

मेरठ, पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी की पत्नी संजीदा बेगम को जमानत मिल गई। जिसके बाद सोमवार को वह जेल से बाहर आ गई। किठौर थाना पुलिस ने संजीदा बेगम पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। शनिवार को संजीदा बेगम ने कोर्ट में सरेंडर किया था, जहां से उसे जेल भेज दिया था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक अवैध तरीके से मीट फैक्ट्री चलाने के मुकदमे के बाद पूर्व मंत्री हाजी याकूब की पत्नी संजीदा बेगम को गैंगस्टर एक्ट में आरोपी बनाया गया था। संजीदा बेगम सहित 17 लोग आरोपी बनाए गए थे। किठौर थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले की जांच करने के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। कोर्ट में मामला विचाराधीन है। संजीदा बेगम को कोर्ट ने तलब किया गया, लेकिन वह हाजिर नहीं हुई। जिसके बाद कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिए। शनिवार को संजीदा बेगम ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। सोमवार को न्यायालय अपर जिला जज कोर्ट संख्या-5 रवि यादव ने संजीदा बेगम की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। कोर्ट में संजीदा बेगम के अधिवक्ता की तरफ से पक्ष रखा गया कि वह घरेलू महिला है। उसका मुकदमे में कोई लेना-देना नहीं है। सियासी कारणों से झूठा केस पंजीकृत किया गया है। जमानत मिलने के बाद शाम संजीदा बेगम जेल से बाहर आ गई।

### मजदूर की संदिग्ध मौत

**सुपरटेक अप कंट्री सोसायटी में बेहोश मिला था 40 वर्षीय मजदूर, शरीर पर नहीं मिले चोट के निशान**

जेवर, ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण सेक्टर 17 अ स्थित सुपरटेक अप कंट्री सोसाइटी में एक मजदूर की मौत हो गई। मथुरा निवासी संजू (40) सोसाइटी परिसर में बेहोश मिला। उसे तुरंत ग्रेटर नोएडा के अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संजू पिछले कई महीनों से सोसाइटी में एक ठेकेदार के अधीन काम कर रहा था।

# लॉज के बाथरूम में शॉवर से लटकी महिला

**दिल्ली से बहन के साथ आई थी; 3 साल पहले हो गया था तलाक**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , एक लॉज में महिला ने बाथरूम के शॉवर से फांसी लगाकर जान दे दी। महिला 5 दिन पहले अपनी फुफेरी बहन के साथ लॉज में रुकने आई थी। फुफेरी बहन की आज परीक्षा थी। परीक्षा देकर जब वह लौटी, काफी देर तक दरवाजा खटखटाया। बहन को आवाज लगाई। कोई रिस्पॉन्स नहीं आने पर बहन ने होटल के कर्मचारियों को बुलाया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। दरवाजा तोड़ा गया, तो महिला बाथरूम के शॉवर से लटकी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फुफेरी बहन से पूछताछ की जा रही है। मामला नैनी कोतवाली के संजय नगर मोहल्ले का है। रेखा का 3



साल पहले हो चुका तलाक मूलरूप से मोखर (हरियाणा) की रहने वाली रेखा (29) की 10 साल पहले मनोज से शादी हुई थी। रेखा के माता-पिता मौत हो चुकी है। उसका रेखा का 3 साल पहले पति मनोज से तलाक हो गया था। उसके परिवार में एक भाई प्रवीण, दो बहनें सीमा और सोनम हैं। ये सभी लोग मोखर में रहते हैं। तलाक होने के बाद से रेखा अकेले होने के कारण दिल्ली में अपनी बुआ के घर में रहने लगी थी। वहां बुआ की लड़की सुचेतना प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती थी। 3 मई को दोनों एक साथ दिल्ली से प्रयागराज आई थीं। बुआ ने रेखा को सुचेतना की देखभाल करने के लिए साथ भेजा था। सुचेतना और रेखा संजय नगर मोहल्ले के जेके रॉयल पैलेस में कमरा लेकर रह रही थीं। फुफेरी बहन सुबह परीक्षा देने गई थी सुचेतना की गुरुवार को एमएड की परीक्षा थी। सुबह 6.30 बजे वह कोटवा परीक्षा देने गई थी। उस वक्त कमरे में रेखा अकेली थी। जब सुचेतना परीक्षा देकर 2.30 बजे लॉज में वापस लौटी, तो कमरा अंदर से बंद था। उसने कई बार दरवाजा खुलवाने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद लॉज मालिक शिवम पांडेय को बुलाया गया। काफी देर तक दरवाजा न खुलने के बाद नैनी पुलिस को सूचना दी गई।

दुपट्टे से लटकी मिली महिला नैनी इंस्पेक्टर बृज किशोर और फोरेंसिक

# पानी के लिए किसान की हत्या

**मारपीट के बाद 24 घंटे कैद रखा, इलाज न मिलने से दम तोड़ा**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, खेत की सिंचाई करने गए बुजुर्ग किसान की पीट-पीटकर हत्या कर दी। किसान आरोपियों से अपनी मूंग की फसल के लिए ट्यूबवेल का पानी मांग रहे थे। आरोप है कि इसी बात से गुस्साए पट्टीदारों ने पहले उन्हें जमकर पीटा। फिर अपने घर ले जाकर बंद कर दिया। 24 घंटे बाद तबीयत बिगड़ने पर बेटे को सूचना दी। अस्पताल ले जाते समय बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजनों ने हमलावरों के घर के सामने शव रखकर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें समझाकर शांत कराया। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। घटना गंगापार इलाके के फूलपुर थाना क्षेत्र की है। फूलपुर के देवली गांव निवासी मृतक हुबलाल (60) के 3 बेटे 2 बेटियां है। 2 बेटे कामकाज के सिलसिले में पुणे में रहते हैं। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। छोटा बेटा



ज्ञानचंद खेती में हाथ बंटाता था। हुबलाल बिंद अपने खेतों की सिंचाई करने गए थे। सिंचाई के लिए उन्होंने अपने पट्टीदारों से पानी मांगा। पत्नी जानकी देवी का आरोप है कि इसी बात को लेकर पड़ोस के रहने वाले बैजनाथ बिंद, आनंद बिंद और आशीष बिंद ने बुजुर्ग को जमकर पीटा। जब वह गंभीर घायल हो गए तो आरोपी उन्हें अपने घर उठा ले गए। 24 घंटे तक परिजनों को सूचना नहीं दी। जानकी देवी ने बताया- घटना के समय मैं और बेटा ज्ञानचंद गांव से बाहर एक शादी में गए थे। इस वजह से आरोपियों ने मेरे पति को बंद करके रखा। इलाज न मिलने की वजह से मेरे पति ने दम तोड़ दिया। देर रात जब हम लोग शादी से गांव लौटे तो हमें फोन करके बताया कि हुबलाल पर किसी ने हमला कर दिया है, जिससे वह बोल नहीं पा रहे हैं।

रात में ही हम लोग उन्हें लेकर अस्पताल भागे। जिसके बाद रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। पत्नी का कहना है कि हम लोग पानी आरोपियों के नलकूप से ही लेते थे।

इसी को लेकर पति से उनका विवाद हुआ था। इसको लेकर पहले भी विवाद हो चुका है।

# महिलाओं से लूट करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**माल बरामदगी के दौरान पुलिस पर की फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में एक घायल, दूसरा गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, थाना नंदग्राम क्षेत्र में पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को पकड़ा है। एक बदमाश पुलिस की गोली से घायल हुआ है। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा के अनुसार, एक महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि दोपहर 2 बजे मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उसके कान के कुंडल लूट लिए थे। पुलिस की जांच के दौरान रोटरी गोल चक्कर के पास से दो संदिग्ध बाइक सवार मिले।



रोकने पर वे भागने लगे। पकड़े जाने पर दोनों ने महिला से लूट की बात स्वीकार की। बदमाशों ने बताया कि लूट का माल गोशाला के पास कच्चे रास्ते पर छिपाया है। माल बरामदगी के लिए जब पुलिस आरोपी सोहेब को लेकर गई, तो उसने पेड़ के पीछे छिपाए तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में सोहेब घायल हुआ। पुलिस ने दूसरे आरोपी शकील को भी गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उनके पास से लूटा हुआ कुंडल, तमंचा, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद किए हैं।

# 2.50 लाख की रिश्वत मांगने में आरोपी अरेस्ट

**मेरठ में पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने के लिए दिए थे रुपए**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का मेडिकल टेस्ट पास कराने के लिए हापुड़ के अभ्यर्थी हिमांशु से 2.50 लाख की रिश्वत मांगने के मामले में गाजियाबाद निवासी डॉ. सुरेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। हापुड़ जिले के गांव गोयना निवासी मुकेश कुमार ने थाने में तहरीर में बताया था कि उनके बेटे हिमांशु सिंह का 2 मई को पुलिस भर्ती परीक्षा में मेडिकल टेस्ट था। इसमें हिमांशु को अनफिट कर दिया गया। उनके छोटे बेटे पुष्पेंद्र की मुलाकात अनुभव नाम के युवक से हुई। अनुभव ने पुष्पेंद्र की बात गाजियाबाद के कविनगर थाने की पंचवटी कॉलोनी निवासी डॉ. सुरेश से कराई। अनुभव ने कहा था कि डॉ. सुरेश तुम्हारे भाई हिमांशु को मेडिकल टेस्ट पास करा देंगे। वह हिमांशु को डॉ. सुरेश के पास




ले गया। डॉ. सुरेश ने आश्वासन दिया कि वह मेडिकल टेस्ट पास करा देगा। इस काम में ढाई लाख रुपये लगेंगे। उन्होंने ढाई लाख रुपये डॉ. सुरेश को दे दिए। इसके बाद भी उनके पुत्र का चयन नहीं हुआ। उन्होंने डॉ. सुरेश से रुपये वापस मांगे तो पैसे वापस कर भी दिए। इसके बाद उन्हें लगा कि डॉ. सुरेश ने और भी लोगों से रुपये ठगे हैं। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

# आवारा पशुओं से किसानों की फसलें बर्बाद

**कई किसान घायल, डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन; अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या से किसान परेशान हैं। सुराना, चमरावल, सिंगोली, हरसा और नेकपुर सहित कई गांवों के किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम से गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगलों में आवारा पशुओं की संख्या लगातार



बढ़ रही है। ये पशु न केवल फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि किसानों पर भी हमला कर रहे हैं। कई किसान इन पशुओं की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। किसानों को अपनी फसलों की रक्षा के लिए दिन-रात जंगलों में रहना पड़ रहा है। उन्होंने कई बार आवारा पशुओं को पकड़ने की मांग की है। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। किसानों के प्रदर्शन के बाद बागपत के डीएम ने अधिकारियों को इस समस्या के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर परिवार पर हमला

**दो महिलाओं समेत 5 लोग घायल, आरोपी फरार**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, रटोल कस्बे में एक परिवार पर हमला किया गया। यह घटना छेड़छाड़ का विरोध करने पर हुई। हमले में दो महिलाओं सहित पांच लोग घायल हुए हैं। खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के रटोल कस्बे निवासी अरशद ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पड़ोस का एक युवक उनके भाई की बेटी से छेड़छाड़ कर रहा था। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपी युवक अपने साथ आधा दर्जन लोगों को लेकर उनके घर पहुंच गया। आरोपियों ने परिवार पर मारपीट और पथराव किया। हमले में परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए। आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के



लिए अस्पताल भेजा है। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खाद्य विभाग ने रेस्टोरेंट में छापेमारी की

**गाजियाबाद में बासी व दूषित खाने को लेकर की गई थी शिकायत**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर गाजियाबाद के लाल कुआं स्थित बीकानेरवाला रेस्टोरेंट में ग्राहकों को बासी और गंदा खाना परोसने का गंभीर मामला सामने आया है। शिकायत पर खाद्य विभाग ने रेस्टोरेंट में छापेमारी की। जहां रसोई में गंदगी मिलीं। टीम ने मौके से फूड के सैंपल लिए। जिसे जांच के लिए भेजा है। शिकायत करने वाली महिला ने बताया- 20 अप्रैल 2025 की शाम वह अपने परिवार के साथ बिकानेर रेस्टोरेंट में खाना खाने गई थीं। परोसे गया खाना ठंडा था। बीकानेर ब्रांड और भूख के चलते खाना खा लिया। जब चने की सब्जी परोसी गई, तो उसमें से तेज बदबू आ रही थी। स्टाफ से पूछने पर पता चला कि सब्जी सुबह की बनी हुई थी।



स्टाफ ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए बासी खाना परोसने की बात मानी और बिल न लेने की पेशकश की। महिला ने पूरा बिल भरा और उसकी रसीद ली। रेस्टोरेंट से निकलने के बाद महिला की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें रात में अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। अब फूड विभाग की टीम रेस्टोरेंट में जांच के लिए पहुंची। महिला को भी मौके पर बुलाया गया। जांच के दौरान रेस्टोरेंट की रसोई में गंदगी का अंबार मिला। बर्तन, चम्मच और अन्य उपकरण गंदे पाए गए। रसोई की स्थिति को देखते हुए खाद्य अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए खाने के सैंपल एकत्र किए, जिन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। खाद्य विभाग ने बताया कि सैंपल की जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अन्य रेस्टोरेंट्स को भी स्वच्छता और खाद्य गुणवत्ता के प्रति सावधानी बरतने की चेतावनी दी है।

# 25 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**गाजियाबाद में पुलिस पर फायरिंग का आरोपी पैर में गोली लगने से घायल, तमंचा और बाइक बरामद**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। स्वाट टीम और क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि फैसल गैंग का सदस्य अरकस ऑर्डिनेंस फैक्ट्री एरिया में वारदात की योजना बना रहा है।



पुलिस टीम ने जब संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया तो वह मोटरसाइकिल मोड़कर भागने लगा। इस दौरान उसकी बाइक फिसल गई। अरकस ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अरकस के पैर में गोली लग गई। गिरफ्तार आरोपी अरकस (21) झील वाली मस्जिद के पास, मोहल्ला कच्ची सराय, मुरादनगर का रहने वाला है। वह गैंगस्टर एक्ट में वांछित था और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपी से 0.315 बोर का अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# ट्रक ने मारी आगे चल रहे ट्रक को मारी टक्कर

**बागपत में दो की मौके पर मौत, चालक गंभीर घायल; हरियाणा जा रहा था ट्रक**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, जिले में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के बड़ा गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने आगे चल रहे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्रक में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, खरखौदा निवासी ट्रक चालक नवीन, प्रयागराज निवासी सतबीर और शामली निवासी सौरभ के साथ मेरठ से हरियाणा जा रहा था। जैसे ही ट्रक बड़ा गांव के पास पहुंचा, वह आगे चल रहे एक अन्य ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सतबीर और सौरभ की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायल चालक नवीन को



अस्पताल भिजवाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं, सतबीर और सौरभ के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त ट्रकों को कब्जे में ले लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल हादसे को लेकर कोई तहरीर दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है।

# कार ने महिला को मारी टक्कर

- **10 फीट दूर जाकर गिरी, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, सड़क किनारे जा रही महिला को कार सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला करीब 10 फीट दूर उछलकर जा गिरी। घटना महिला का गंभीर हालत में अस्पताल में उपचार चल रहा है। महिला के पति ने वाहन चालक पर लापरवाही से चलाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। हादसा सेक्टर 63 का है। वीडियो 20 अप्रैल का बताया जा रहा है। एक 3 मिनट के वीडियो में दिख रहा है कि एक सूट पहले महिला रॉग साइड पैदल जा रही है। सामने आ रही एक कार ने उसे सीधे टक्कर मार दी। कार बगल में खड़ी दूसरी कार से भी टकरा गई। बताया गया कि कार चालक नशे में था। छिजारसी में रहने वाले राजेंद्र प्रसाद ने पुलिस को बताया- पत्नी कुसुम एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती हैं। 20 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे कंपनी से घर की तरफ पैदल आ रही थीं। सेक्टर-63 क्षेत्र में ही वह सड़क किनारे गुजर रही थीं। तभी सामने से आ रही वैगनआर कार के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए अचानक कुसुम को टक्कर मारते हुए एक कार और टैंपो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद महिला करीब 10 फिट दूर जाकर गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पीड़ित का कहना है- आरोपी कार चालक ने शराब पी रखी थी। पूरी घटना



सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया था। शुरूआत में आरोपी ने इलाज कराने का आश्वासन दिया, लेकिन अब इनकार कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### नीलगाय से टकरा कर बाईक सवार गंभीर

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर ।कस्बे से गांव जा रहे बाईक सवार तीन लोगों के सामने नीलगाय आ जाने के कारण तीनों लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि बाईक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सिसोलर कस्बे निवासी लल्लू(20)पुत्र शिवकुमार, प्रीतम (17)पुत्र शिवकुमार और प्रांशु(18)पुत्र रामदास बाईक से मौदहा से सिसोलर जा रहे थे तभी पढोरी के कुछ आगे अचानक बाईक के सामने नीलगाय आ गई जिसकी टक्कर से तीनों युवक बाईक सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए ।तीनों घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर तीनों लोगों का इलाज किया जा रहा है फिलहाल तीनों को गंभीर चोंटे बताई जा रही हैं।

### आज कुल की फातहा के साथ होगा दो दिवसीय उर्स का समापन

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर ।कस्बे के चर्च कम्पाउंड के निकट हजरत शेख बाबा रह.का दो दिवसीय सालाना उर्स बड़ी धूमधाम से आज सम्पन्न होगा, जबकि गुरुवार को उर्स में अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। कस्बे के कांशीराम कालोनी मीरातालाब और चर्च कम्पाउंड के निकट स्थित हजरत शेख बाबा का दो दिवसीय सालाना उर्स बड़ी धूमधाम और अकीदत के साथ मनाया जा रहा है उर्स के सिलसिले में गुरुवार सुबह बाद नमाज फजिर मजार पर कुरान ख्वानी, दोपहर बाद लंगर और बाद नमाज असर चादरपोशी हुई। और चादर मोहल्ला उपरौस से उठकर नातिया कलामों के साथ मजार तक पहुंची,जबकि शुक्रवार सुबह कुल की फातहा के साथ दो दिवसीय उर्स का समापन होगा ।उर्स का आयोजन अरशद मुकीम, शादाब हुसैन बिट्टू,हलीम उर्फ साबिर, इस्लाम, छोटैबाबू,वाहिद सहित आयोजन कमेटी द्वारा किया गया।

# सर्व समावेशी के आधार पर मंडल पदाधिकारी का होगा गठन-शंकर गिरी

● सभी वर्गों महिला पिछड़ा अनुसूचित को दिया जाएगा मंडल पदाधिकारी में उचित



अमन लेखनी समाचार

गौरीगंज, अमेठी। गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी मंडल के गठन को लेकर विचार विमर्श की बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री शंकर गिरी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुल्तानपुर जिला प्रवासी के रूप में डॉक्टर आर ए वर्मा की उपस्थिति रही ।जिला प्रभारी शंकर गिरी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मंडल गठन सर्व समावेशी के आधार पर होगा जिसमें से उचित स्थान महिलाओं को दिया जाएगा पिछड़े वर्ग के पदाधिकारी बनाए जाएंगे अनुसूचित वर्ग के भी पदाधिकारी बनाए जाएंगे और सभी वर्गों का शामिल करके एक मजबूत मंडल के पदाधिकारी का गठन होगा जैसा कि भारतीय जनता पार्टी सर्वस्पर्शी सर्वव्यापी एवं सर्व समावेशी के आधार पर कार्य करती है उसी प्रकार मंडल गठन में भी सभी वर्गों का स्थान दिया जाएगा जिससे आने वाले चुनाव में एक मजबूत टीम मंडलों की टीम बने ।डॉक्टर आर ए वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि मंडलों की टीम में पिछड़ों को उचित स्थान दिया जाएगा इसी प्रकार महिला दलितों की संख्या भी रहेगी जिससे कि मंडल की टीम एक मजबूत बने और जनपद में भारतीय जनता पार्टी अमेठी के मंडल मजबूत रहे जिससे एक नया इतिहास बनाएं ।भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मैं जिला प्रभारी शंकर गिरी जी एवं जिला प्रवासी डॉक्टर आर ए वर्मा को अस्वस्थ करते हुए कहा कि जनपद अमेठी के मंडल बहुत ही मजबूत पदाधिकारी का होगा और सभी वर्गों का उचित स्थान दिया जाएगा

## बीट सिस्टम को मजबूत करेगी अमेठी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने नई पहल की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस कार्यालय गौरीगंज में बीट प्रणाली को मजबूत करने के लिए विशेष बैठक की ।एसपी ने जिले के सभी थानों से एक-एक बीट मुख्य आरक्षी और आरक्षी को बुलाया। उन्होंने 8 मई 2025 को सभी बीट आरक्षियों की बीट बुक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीट प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्हें अपने-अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण करने को कहा। हिस्ट्रीशीटरों और क्षेत्र के अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्तियों और पुलिस मित्रों से बेहतर समन्वय बनाने को कहा। एसपी ने बीट बुक को नियमित रूप से अपडेट करने पर भी जोर दिया।

# राष्ट्र सेविका समिति के सात दिवसीय प्रारम्भिक वर्ग का हुआ समापन

अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित



मौदहा, हमीरपुर। राष्ट्र सेविका समिति कानपुर प्रान्त का सात दिवसीय प्रारम्भिक वर्ग 1 मई से 7 मई तक गांधी इंटर कालेज में आयोजित हुआ, जिसका नगर में पथ संचलन एवं दीक्षांत के बाद समापन हुआ। वर्ग में कानपुर प्रान्त के सभी जिलों से आई 119 बहनों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन सत्र में प्रशिक्षार्थी बहनों ने अपने अनुभव कथन के माध्यम से प्रशिक्षण में देशभक्ति व समरस होकर जीवन कैसे जिया जा सकता है, एक बडे.परिवार के अनुभूति के भाव व्यक्त किए। वर्ग की वर्गाधिकारी नलिनी दीदी द्वारा वर्ग का वर्ग वृतांत रखा गया। मुख्य वक्ता क्षेत्र प्रचारिका शशि दीदी ने सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग प्रत्येक भूमिका में शिक्षिका, शिक्षार्थी, व्यवस्था, अधिकारी प्रत्येक भूमिका में सेविका बहनें सीखती हैं। यह उस भूमिका का प्रशिक्षण है, जिसमें सेविका बहनों को निडर होकर कार्य करना सिखाया जाता है। संगठन का कार्य कोई अलग कार्य नहीं अपने भारत का मूल चिंतन विचार है, भारतीय जीवन मूल्यों का संरक्षण, संवर्धन हमारा दायित्व है। भारत मां की संतान होने के नाते हम सब मिलकर भारत मां के वैभव को अपने व्यक्तिगत जीवन में अच्छे कार्यों से बढ़ाते रहेंगे। उन्होंने अन्त में 'स्वयं अब जाकर हमको जगाना देश है अपना' गीत के माध्यम से यही संदेश दिया। इस मौके पर वर्ग की व्यवस्था प्रमुख ज्योत्स्ना सिंह, वर्ग कार्यवाहिका साधना त्रिपाठी, वर्ग की मुख्य शिक्षिका आर्या दीदी, व्यवस्था में अन्नपूर्णा द्विवेदी, आराधना राजपूत, मंजू पाठक, नीतू भटनागर, भारती महावत आदि बहनें उपस्थित रहीं।

## अपना अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रहा प्राचीन कुआं, युवाओं ने सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर ।कस्बे के अधिकांश कुंए इस समय अवैध अतिक्रमण की चपेट में आकर अपने अस्तित्व को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं जबकि एक दर्जन से अधिक कुंए अतिक्रमण कारियों की भेंट चढ़ कर समाप्त हो चुके हैं ऐसे ही एक कुंए को बचाने के लिए कुछ युवाओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। कस्बे के मोहल्ला हुसैनिया निवासी युवाओं ने उपजिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि मोहल्ले में स्थित प्राचीन कुंए में उनके पूर्वजों के समय से कुंआ पूजन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान होते आए हैं लेकिन मोहल्ले के कुछ लोगों द्वारा कुंए में कूडा डालकर न केवल उसे पटाया जा रहा है बल्कि रात में कुंए को नुकसान पहुंचाया जा रहा है ।जिससे कस्बे की शांति व्यवस्था और सौहार्द बिगाड़ने की चाल है इस लिए तत्काल प्रभाव से मामले की जांच कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की आवश्यकता है। इस दौरान जीतेंद्र यादव, अवधेश कुमार, रमेश, अमन, सुमित्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रुपयों के लेनदेन में अधेड़ को बेरहमी से पीटा

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। रुपयों के लेनदेन में आधा दर्जन लोगों ने अधेड़ को लाठी डंडे से बेरहमी से पीट दिया जिसे कोतवाली पुलिस ने गंभीर हालत में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरका निवासी रामसिंह(50)पुत्र गुलाब सिंह का गांव के राजू यादव, बउवा यादव आदि से रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद राजू यादव सहित आधा दर्जन लोगों ने रामसिंह को लाठी डंडे से बेरहमी से पीट दिया जिसे पुलिस ने गंभीर हालत में इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है फिलहाल रामसिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# भागवत कथा के छठवें दिन रुक्मणि परिणय का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। विकास खण्ड के ग्राम उरदना में शिवालय मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के छठे दिन गुरूवार को भागवत भक्तों की भारी भीड़ जुटी। कथा प्रारंभ करते हुए कथावाचक जगदीश चन्द्र ने गोपीजनों के साथ भगवान की श्रेष्ठतम महारास लीला का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि रास तो जीव का परब्रह्म ईश्वर के साथ मिलन की कथा है। आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति का फल प्राप्त होता है तो उसे रास कहा जाता है। कथा प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी भक्तों को खूब आनंदित किया। संजयानंद ने कहा कि जो भक्त ईश्वर प्रेम में आनंदित होते हैं और श्रीकृष्ण तथा रूक्मिणी के विवाह में शामिल होते हैं, उनकी समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथाव्यास ने कहा जब जीव में अभिमान आता है, भगवान उनसे दूर हो जाता है। लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है, उसे दर्शन देते है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ। लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती। यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वतः ही प्राप्त हो जाती है। श्रीकृष्ण भगवान व रुक्मणि के अतिरिक्त अन्य विवाहों का भी वर्णन किया गया। कथा के सफल संचालन में श्यामू अवस्थी सहित सैकड़ो श्रोताओ ने कथा का आनन्द लिया

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर बाइक सवार ने तोड़ा दम

अमन लेखनी समाचार

राठ,हमीरपुर। जाकिर राठ से कटहल लेकर अपनी बाइक से मौदहा मंडी सुबह बजे जा रहा था धनौरी के आगे सामने से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मृतक गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की मदद से राठ चिकित्सालय लाया गया जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया मृतक जाकिर 32 वर्ष के पिता सय्यदीन ने बताया कि जाकिर के तीन बच्चे हैं दो लड़की एक लड़का बड़ी लड़की की उम्र 5 वर्ष छोटी लड़की की उम्र 3 वर्ष एक लड़का एक वर्ष का है जाकिर सरीला का निवासी है जो सब्जी का काम करता था राठ के ग्राम कोठा से कटहल के बगीचे से कटहल ले कर मौदहा मंडी बेचने जा रहा था तभी स्विफ्ट डिजार वाला रॉन्ग साइड से आकर बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी जो की बाइक सवार अपनी साइड से जा रहा था लेकिन



अचानक स्विफ्ट कार ने रॉन्ग साइड आकर आमने सामने से मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार बुरी तरीके से घायल हो गया ।घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है मृतक के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेजा गया।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्तरीय सलाहकार समिति (बैंकर्स) की बैठक

## बैंकर्स लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र करें निस्तारण...... डीएम

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (बैंकर्स) की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान डीएम ने वित्तीय समावेशन योजना, पीएम सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, वार्षिक ऋण योजना, पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालन किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटी



कला रोजगार योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने समस्त बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निस्तारित किया जाए, अस्वीकृत की गई पत्रावली पर कारण स्पष्ट रूप से लिखा जाए, इसके साथ ही उन्होंने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आवेदन पत्रों को बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण करें किसी भी स्तर पर आवेदनकर्ता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। बैठक में जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर योजना की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देश दिए कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कैंप लगाने के लिए एक महीने का रोस्टर जारी करें तथा उसका जन सामान्य के मध्य व्यापार प्रचार प्रसार कराएं जिससे कैंप वाले दिन जनसामान्य उपस्थित होकर योजना का लाभ ले सकें। बैठक में कई शासकीय योजनाओं में बैंकों द्वारा ठीक प्रगति न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बैंकों द्वारा शासन की योजनाओं में अपेक्षित सहयोग नहीं किया जा रहा है वे इस माह विशेष प्रयास कर अपनी प्रगति में सुधार लाएं अन्यथा की स्थिति में उन बैंकों से सभी सरकारी अकाउंट बंद कर कर दूसरी बैंकों में अकाउंट खुलवाने के कार्यवाही की जाएगी साथ ही खराब प्रगति वाले बैंकों के बैंक मैनेजर के विरुद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्र भेजा जाएगा। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राजीव पाण्डेय, जीएमडीआईसी दिनेश चौरसिया, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी व बैंकर्स मौजूद रहे।

## 14मई को भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी शिव प्रताप इंटर कालेज के उप प्राचार्य संजय कुमार राव की मां निर्वाण प्राप्त रामकली की स्मृति में नेहरू समाजोत्थान सेवा समिति मंडौली की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। श्रद्धांजलि सभा में जिले के सभी बौद्धाचार्यों का सम्मान और धम्मदेशना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ।संगठन के अध्यक्ष डॉ सुनील दत्त, अभिमन्यु कोरी और कोटेदार राजीव गांधी की ओर से आमंत्रण कार्ड बांटे जा रहे हैं ।डा सुनील दत्त ने बताया कि सामूहिक त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम शुरू होगा। समापन के बाद खीर दान होगा। मृत्यु भोज का पूरी तरह बहिष्कार किया गया है।

## शादी से लौट रहे युवक पर हमला, दो लोगों ने की फायरिंग




● युवक को रॉड से पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया

अमन लेखनी समाचार

अमेठी के कमरौली थाना क्षेत्र में एक युवक पर हमले का मामला सामने आया है। बाराबंकी के सुबेहा थाना क्षेत्र के छिटना गांव निवासी जीतबहादुर अपने रिश्तेदार की शादी से लौट रहे थे ।7 मई की रात करीब 12:50 बजे शालीमार प्लांट के पास चंद्रेश और मुकेश नामक दो युवकों ने उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने जीतबहादुर पर तीन राउंड फायरिंग की। इतना ही नहीं, उन्होंने रॉड से मारपीट की और कांटेदार तार से बांध दिया ।डायल 112 की पुलिस ने घायल जीतबहादुर को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। एक्स-रे रिपोर्ट में चोटों की पुष्टि हुई है पीड़ित ने कमरौली थाना प्रभारी को प्रार्थनापत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी अभिनेष कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# अमेठी में अन्त्योदय कार्ड का सत्यापन शुरू

### अपात्र और मृतक कार्डधारकों की जगह नए पात्र लाभार्थियों का होगा चयन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी के जिलाधिकारी संजय चौहान ने जिले के सभी अन्त्योदय कार्डधारकों का सत्यापन कराने का आदेश दिया है ।इस सत्यापन में राशन कार्ड सूची से अपात्र, मृतक और राशन न लेने वाले कार्डधारकों के नाम हटाए जाएंगे ।जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी और खंड विकास अधिकारियों को आदेश जारी किए हैं ।अमेठी जिले में अन्त्योदय राशन कार्डों का वर्तमान लक्ष्य 70,378 है। इसके सापेक्ष अभी 69,753 राशन कार्ड ही


डीएम अमेठी संजय चौहान

योजना से जुड़े हुए हैं ।सत्यापन के बाद खाली हुई जगहों पर नए पात्र लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। इन्हें अन्त्योदय योजना में शामिल किया जाएगा। यह कदम योजना के लाभ को वास्तविक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के लिए उठाया गया है।

## 70 साल के बुजुर्गों का बनेगा आयुष्मान कार्ड : सीएमओ

अमन लेखनी समाचार

अमेठी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने जिले के वरिष्ठ नागरिकों से आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की है। यह कार्ड आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बनाया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि 70 साल या उससे अधिक आयु के लाभार्थियों के लिए यह कार्ड बनवाना जरूरी है। इससे उन्हें सरकारी योजना का लाभ मिल सकेगा। साथ ही समय पर मुफ्त इलाज की सुविधा भी मिलेगी ।नागरिक जिले के किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्ड बनवा सकते हैं। इसके अलावा आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पंचायत भवन या जनसुविधा केंद्र पर भी कार्ड बनेगा। कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड जरूरी है। आधार कार्ड में पंजीकृत मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है।

# महिला थाने के प्रयास से वैवाहिक साथ रहने को हुआ राजी



अमन लेखनी समाचार

अमेठी मिशन शक्तिह्व नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत कंचन सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया जिसमें 01 वैवाहिक जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

# अमेठी में अपहरण मामले में नया मोड़....

## युवती ने कहा- डर के कारण नहीं बता पाई सच, एसपी से मांगी दोबारा बयान की अनुमति

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में एक युवती के अपहरण मामले में नया मोड़ आ गया है। शादी से 12 दिन पहले घर से गायब हुई युवती ने पुलिस अधीक्षक से दोबारा बयान दर्ज कराने की मांग की है। युवती 24 अप्रैल को भादर क्षेत्र के रामगंज से लापता हुई थी। परिजनों की शिकायत पर 27 अप्रैल को गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने पासपोर्ट बनवाने की सूचना के आधार पर दो मई को चार लोगों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया। आरोपियों में मोहम्मद शहजाद, अरमान, सलमान और इमरान शामिल हैं। परिवार ने युवती के धर्मांतरण की आशंका जताई थी।

### युवती का बयान दर्ज

पुलिस ने सोमवार शाम रामगंज कस्बे से युवती को बरामद कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मंगलवार को युवती का बयान दर्ज किया गया। युवती ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि आरोपी ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। इसी डर के कारण उसने पहले सच नहीं बताया। अब वह बिना किसी दबाव के नया बयान देना चाहती है।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



डॉक्टर सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब रात में न आए नींद



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मुझे रात को गहरी नींद नहीं आती है, जिसकी वजह से पूरे दिन सुस्ती और आलस छाया रहता है। सिर में भी हल्का-हल्का दर्द होता रहता है। कृपया कोई ऐसा उपाय बताएं, जिससे मैं रात को गहरी नींद सो सकूं।**

**-विकास, रायपुर**

यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, इस बात पर गौर करें। इस दौरान ऐसा क्या हुआ है, जो बात या घटना आपके दिमाग में बार-बार घूम रही है। कई बार ऐसी कोई घटना हो जाती है, जो लगातार मन में आती रहती है और नींद डिस्टर्ब होती है। कोई समस्या है तो आप उसका समाधान खोजें, न कि नींद की दवा लें। अगर कोई कारण आपको समझ मे नहीं आ रहा है तो जरूर आपको एक बार मनोरोग चिकित्सक से संपर्क कर लेना चाहिए। नींद की दवा लेने से आपको बचना चाहिए।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। कुछ महीनों से मेरे हाथ-पैर की त्वचा पर काले दाग-धब्बे दिख रहे हैं। ऐसा किस वजह से हो सकता है? कृपया बताएं कि ऐसा क्यों है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-प्रतीश, दुर्ग**

आप ध्यान दें कि ये स्पॉट केवल हाथ-पैर में हो रहे हैं या पूरे शरीर में? क्योंकि अगर पूरे शरीर में हो रहे हैं तो इसका कारण इंफेक्शन भी हो सकता है। लेकिन अगर केवल हाथ-पैर में हो रहे हैं तो आप इस बात पर गौर करें कि क्या कुछ दबाव पड़ने पर या चोट लगने से हो रहा है या बगैर किसी कारण के हो रहा है? हालांकि बगैर देखे कुछ भी कहना मुश्किल है। अगर ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो आप एंटी एलर्जी दवा ले सकते हैं लेकिन एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क जरूर करें, वे चेकअप के बाद उनका प्रॉपर ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। छह महीने पहले मेरे पैर में फ्रैक्चर हुआ था। फिजियोथेरेपिस्ट की मदद से कुछ हफ्तों तक एक्सरसाइज भी किया था। अब भी वहां पर दर्द होता है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-प्रीतपाल, महेंद्रगढ़**

क्या फ्रैक्चर वाले स्थान पर फिर से चोट लगी थी? कई बार चोट लगने की वजह से दर्द शुरू हो जाता है। अगर ऐसा है तो आपको थोड़ा बचाव करना चाहिए। अगर इसके बाद भी दर्द नहीं जाता है तो जरूर दोबारा आपको एक्सरे करा लेना चाहिए। कई बार हड्डी ठीक से ना जुड़ने की वजह से भी इस तरह की समस्या देखी जाती है। फिलहाल दर्द वाले स्थान पर गर्म पानी से सिकाई करें।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। मेरी आवाज अकसर बैठ जाती है। गले में खराश और दर्द भी रहता है। गर्म पानी, काढ़ा पीने से थोड़ी राहत तो मिलती है, लेकिन ये सब छोड़ते ही प्रॉब्लम फिर से बढ़ जाती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई परमानेंट सॉल्यूशन बताएं।**

**-कमल, रोहतक**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको टांसलाईटिस की समस्या है। सबसे पहले आप फ्रिज में रखी ठंडी और खट्टी चीजें खाना बंद कर दें। बाजार का दही और छाछ भी नहीं खाना है। ठंडा पानी भी पीना बंद करें। इसके अलावा सुबह उठकर और रात में सोने से पहले नमक वाले पानी से गरारा करें। इस तरह आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं और वहां की स्किन भी सूजी हुई लगती है। कृपया इन समस्याओं को दूर करने का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-रजत, बिलासपुर**

आंखों के नीचे डार्क सर्कल कई बार शरीर में खून की कमी की वजह से होते हैं। इसके लिए सबसे पहले आप शरीर में खून की जांच यानी एचबी की जांच कराएं। अगर एचबी नॉर्मल है तो जरूर आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लेना चाहिए। फिजिकल एग्जामिनेशन के बाद ही कारण बताया जा सकता है। जिसके बाद उसका ट्रीटमेंट शुरू होगा। बगैर डॉक्टर से संपर्क किए आप कोई भी मेडिसिन ना खाएं। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

डाइट एडवाइस

डॉ. चेतना बंसल
क्लीनिकल न्यूट्रीशनिस्ट, नई दिल्ली

उम्र बढ़ने के साथ मसल्स कमजोर होना कॉमन समस्या है। आमतौर पर जिसका कोई लक्षण नजर नहीं आता, व्यक्ति को इसका अहसास तब होता है, जब उसका कुर्सी से उठना भी मुश्किल हो जाता है। असल में प्रोटीन, मिनरल्स जैसे पोषक तत्वों की कमी के कारण 60 साल की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते व्यक्ति के शरीर की मसल्स का आकार छोटा यानी तकरीबन 33 प्रतिशत कम हो जाता है। मेडिकल भाषा में इसे सार्कोपीनिया कहते हैं, जिससे खान-पान का ध्यान रख कर बचा जा सकता है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में हुई एक रिसर्च से पता चला है कि कुछ खाद्य पदार्थों में ऐसे प्रोटीन-रिच कंपाउंड या पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो मसल्स का आकार छोटा होने की समस्या को रिवर्स कर सकते हैं।

**ग्रीक योगर्ट:** ग्रीक योगर्ट में नॉर्मल दही से दोगुना हाई क्वालिटी प्रोटीन (170 ग्राम योगर्ट में 15 से 20 ग्राम) होता है, जो सीनियर सिटीजन की मांसपेशियों की मेंटेनेंस के लिए जरूरी होता है। खासकर इसमें मौजूद कैसीन, धीरे-धीरे डाइजेस्ट होता है और कई घंटों तक आपकी मांसपेशियों के लिए अमीनो एसिड रिलीज करता रहता है। एक्सपर्ट्स इसे शाम के समय या रात को सोने से एक घंटा पहले खाना बेस्ट मानते हैं। चूंकि रात के समय खाली पेट होने की वजह से शरीर में मसल ब्रेकडाउन काफी तेजी से होता है। ग्रीक योगर्ट खाकर सोने से मांसपेशियों को लगातार अमीनो एसिड मिलता रहता है, जिससे मसल ब्रेकडाउन में कमी आती है।



ग्रीक योगर्ट में कैल्शियम, विटामिन डी और फॉस्फोरस भी भरपूर मात्रा में होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने और मांसपेशियों को सुचारु रूप से कार्य करने के लिए जरूरी हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद प्रोबायोटिक्स, गट हेल्थ को सुधारते हैं, जो शरीर में पोषक तत्वों का अवशोषण बढ़ाने और इंफ्लेमेशन कम करने में सहायक हैं। इससे मसल हेल्थ मेंटेन करने में मदद मिलती है। हफ्ते में तीन से चार बार 170 ग्राम ग्रीक योगर्ट का सेवन करना चाहिए।

**फैटी फिश:** बढ़ती उम्र में मसल ब्रेकडाउन में इंफ्लेमेशन मेन फैक्टर है। फैटी फिश में मौजूद ईपीए और डीएचए फैटी एसिड इस इंफ्लेमेशन को कम करने में मदद करते हैं। 112 ग्राम फिश में 20 ग्राम कंप्लीट प्रोटीन और विटामिन डी काफी मात्रा में होता है। ये पोषक तत्व उम्र बढ़ने के साथ होने वाले मसल लॉस की रिपेयर करने, रिजनरेट और ग्रोथ करने में मदद करते हैं। अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लीनिकल न्यूट्रिशन में पब्लिश रिसर्च के अनुसार सप्ताह में दो बार फैटी फिश खाने वाले बुजुर्गों का मसल लॉस कम होता है।

**दालें और बींस:** एक कटोरी पकी हुई दालों और बींस में 15 ग्राम प्रोटीन होता है। इनके अंदर एक खास तरह की स्टार्च होती है, जो गट में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाती है। ये बैक्टीरिया मसल्स लॉस करने वाली इंफ्लेमेशन को कम करते हैं।

ओल्ड एज में अनेक शारीरिक समस्याओं के साथ ही मसल्स लॉस होना भी एक कॉमन प्रॉब्लम है। इस वजह से बुजुर्ग व्यक्ति को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन अगर डाइट का ध्यान रखा जाए और यहां बताए जा रहे प्रोटीन-मिनरल्स युक्त फूड्स को डाइट में शामिल किया जाए तो काफी राहत मिल सकती है।

# बढ़ती उम्र में मसल्स लॉस
# रेग्युलर लें न्यूट्रिशस डाइट



शरीर में ब्लड शुगर लेवल ज्यादा हो तो उसे कंट्रोल करने के लिए पैंक्रियाज को अधिक मात्रा में इंसुलिन रिलीज करना पड़ता है। लेकिन इंसुलिन स्पाइक्स से मसल्स लॉस की संभावना रहती है। दालों में मौजूद फाइबर ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करता है और इंसुलिन स्पाइक्स नहीं होने देता। बींस में मौजूद पोटैशियम, मैग्नीशियम, आयरन जैसे मिनरल्स भी होते हैं, जिनकी कमी होने पर मसल्स में ऑक्सीजन सप्लाई ठीक तरह से नहीं हो पाती और मसल्स लॉस का खतरा रहता है। अमेरिका की टफ्ट्स यूनिवर्सिटी के ह्यूमन न्यूट्रीशियन रिसर्च सेंटर ऑन एजिंग के अनुसार, हफ्ते में चार बार बींस और लेग्यूम्स का सेवन करने से मसल्स का आकार सही बनाए रखने में मदद मिलती है।

**ऑलिव ऑयल:** इसमें मौजूद ओलियोकैंथल कंपाउंड इबोप्रोफिन दवाई की तरह काम करता है। यूनिवर्सिटी ऑफ लजियाना में हुई एक रिसर्च के अनुसार ओलियोकैंथल कंपाउंड मसल्स में मौजूद प्रोटीन को तोड़ने और मसल्स को नुकसान पहुंचाने वाले एंजाइम को बढ़ने से रोकता है। ऑलिव ऑयल में मौजूद मोनो अनसेचुरेटेड फैट टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन के उत्पादन को बढ़ाती है, जिसकी कमी से मसल्स ब्रेकडाउन होता है और मसल्स का साइज छोटा होने लगता है। एक अध्ययन के हिसाब से हर रोज कम से कम 2 चम्मच ऑलिव ऑयल का सेवन करते हैं, उनकी मसल्स ज्यादा ताकतवर होती हैं।

**नट्स-सीड्स:** इनमें प्रोटीन, हेल्दी फैट और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स होते हैं, जो मसल्स के डेवलपमेंट और स्ट्रेंथ में सहायक होते हैं। प्रोटीन और मैग्नीशियम से भरपूर बादाम, मसल्स का आकार छोटा होने से रोकने में मदद करता है। मसल्स के आकार को छोटा करने वाले फैक्टर्स, इंफ्लेमेशन को अखरोट में मौजूद अल्फा लिनोलिनिक एसिड दूर करता है। उम्र बढ़ने के साथ टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन की कमी हो जाती है, जिससे मांसपेशियों का आकार छोटा होने लगता है। कद्दू के बीज में मौजूद जिंक टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन के निर्माण प्रक्रिया को बढ़ाता है। अमेरिका की टफ्ट्स यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च के अनुसार जिन सीनियर सिटीजंस के खून में विटामिन ई का लेवल ज्यादा होता है, उनमें मसल लॉस कम होता है। लिहाजा उम्र बढ़ने पर होने वाले मसल लॉस को रोकने के लिए दिन में एक मुट्ठी मिक्स नट्स और सीड्स जरूर खाने चाहिए।



**अंडे:** एक बड़े आकार के अंडे में 6 ग्राम प्रोटीन, विटामिन डी और कोलाइन, ल्यूसिन जैसे अमीनो एसिड होते हैं, जो प्रोटीन सिंथेसिस को स्टीमुलेट करने का काम करते हैं। यानी, उम्र बढ़ने के साथ मसल्स में होने वाली प्रोटीन की कमी को दूर कर मसल्स को मजबूती प्रदान करते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय अर्बानाशैंपेन की रिसर्च के अनुसार उम्रदराज व्यक्ति अगर अंडे के सफेद भाग के बजाय साबुत अंडा खाते हैं, तो उनकी मसल्स ग्रोथ 40 प्रतिशत बढ़ जाती है। साथ ही उनका कोलेस्ट्रॉल लेवल मेंटेन रहता है और दिल की बीमारी होने का खतरा कम होता है।



**बेरीज:** उम्र बढ़ने के साथ शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस ज्यादा हो जाता है, जो मसल्स ब्रेकडाउन को बढ़ा देता है और मसल्स-रिकवरी को स्लो कर देता है। स्ट्रॉबेरीज, मेलबेरीज, शहतूत जैसी बेरीज में मौजूद पॉलीफिनोल्स ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस पैदा करने वाले फ्री-रेडिकल्स को खत्म कर देते हैं। एक रिसर्च के मुताबिक बेरीज खाने से मसल्स की रिकवरी जल्दी होती है और वे मजबूत होते हैं।

**व्हे-प्रोटीन:** दूध का कंसंट्रेटेड फॉर्म ही व्हे-प्रोटीन कहलाता है। इसमें किसी भी नेचुरल फूड के मुकाबले ज्यादा ल्यूसिन अमीनो एसिड ज्यादा होता है। जो मसल्स में प्रोटीन के इस्तेमाल को बढ़ाता है। यह शरीर में बहुत तेजी से अवशोषित हो जाता है। मसल्स ग्रोथ दुबारा शुरू हो जाती है। जर्नल ऑफ अमेरिकन मेडिकल डायरेक्टर्स एसोसिएशन की एक रिसर्च के अनुसार प्रोटीन-रिच खाद्य पदार्थों की अपेक्षा व्हे-प्रोटीन के सेवन से मसल्स 40 प्रतिशत अधिक हेल्दी होते हैं। व्हे-प्रोटीन में बायो एक्टिव पेप्टाइड होते हैं, जो मसल्स में ब्लड फ्लो को बढ़ाते हैं, इंसुलिन सेंसिटिविटी को इंप्रूव करते हैं और इंफ्लेमेशन कम करते हैं। व्हे-प्रोटीन में मौजूद सिस्टीन शरीर में जाकर ग्लटाथायोन एंटीऑक्सीडेंट बनाता है, जो उम्र बढ़ने पर मसल्स को होने वाले नुकसान से बचाता है। यहां बताए गए किसी भी प्रोटीन रिच फूड आइटम का सेवन करने से पहले अपने डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लें। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**



## हरी पत्तेदार सब्जियां

**हरी पत्तेदार** सब्जियों में नाइट्रेट काफी मात्रा में मिलता है, जिसे हमारा शरीर नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल देता है। यह नाइट्रिक ऑक्साइड एक ऐसा कंपाउंड है, जो मसल्स में ब्लड फ्लो को बढ़ा देता है, जिससे मसल्स को न्यूट्रिएंट्स ज्यादा मात्रा में मिलते हैं। अध्ययनों से साबित हुआ है कि नाइट्रेट खाने से बड़े बुजुर्गों की मांसपेशियां ज्यादा अच्छे ढंग से काम करती हैं। अगर ब्लड फ्लो कम हो जाए तो मांसपेशियों की परफॉर्मेंस कम हो जाती है और मांसपेशियों की रिकवरी जल्दी नहीं होती।

हरी पत्तेदार सब्जियों में कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटैशियम होता है। इनकी जरूरत मांसपेशियों के संकुचन के लिए होती है। एक कटोरी पकी हुई पालक में दिन की जरूरत का 40 प्रतिशत मैग्नीशियम होता है। इन मिनरल्स की अगर बॉडी में कमी हो जाए तो इससे मसल क्रैंप्स पड़ने लगते हैं, मसल्स कमजोर हो जाते हैं और आकार छोटा होने लगता है। 2015 में जर्नल्स ऑफ जेरेंटोलॉजी में एक स्टडी से पता चला कि जो सीनियर सिटीजन विटामिन-के ज्यादा खाते हैं, उनमें उम्र बढ़ने पर मसल लॉस कम होता है।

सजेशन / राजकुमार 'दिनकर'

# सुपर ड्रिंक है नारियल पानी



हालांकि नारियल पानी कभी भी पीना फायदेमंद होता है, लेकिन चिलचिलाती गर्मियों में सुबह-सुबह पीया गया एक ग्लास नारियल पानी, हमें न केवल दिनभर हाइड्रेट रखता है बल्कि एनर्जी से भी लबालब रखता है। इसीलिए इसे सेहत का सुपर ड्रिंक कहते हैं। नारियल एक ऐसा नेचुरल ड्रिंक है, जिसमें स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद करीब-करीब सभी जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं।

**मिनरल्स का खजाना:** नारियल पानी में कई विटामिंस, खनिज और इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे पोटैशियम, सोडियम, मैग्नीशियम और कैल्शियम होते हैं, जो गर्मी में पसीने से खोए मिनरल्स को पूरा करते हैं।

**डिहाइड्रेशन से राहत:** नॉर्मल पानी के मुकाबले यह ज्यादा तेजी से हमारे शरीर को हाइड्रेट करता है। नारियल पानी हमें थकावट, चक्कर आने और लू लगने से बचाता है। यह लो कैलोरी और नो फैट ड्रिंक है यानी इसके पीने के बाद वजन नहीं बढ़ता। एक ग्लास नारियल पानी में सिर्फ 40-50 कैलोरी ही होती है।

**पेट के लिए अच्छा:** चिलचिलाती गर्मियों में नारियल पानी पेट के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह न सिर्फ शरीर को तुरंत ठंडक देता है, बल्कि पेट से जुड़ी कई तरह की समस्याओं में भी तुरंत राहत दिलाता है। मसलन पेट की जलन, अपच और एसिडिटी में इन दिनों नारियल पानी रामबाण है। दस्त या उल्टी के बाद कमजोरी से लड़ने में भी मदद करता है।

यह अधिकतर लोगों को सूट करता है। हालांकि यदि आप किडनी के मरीज हैं तो बिना डॉक्टर की सलाह के इसे न पीएं। इसी तरह यूं तो डायबिटिक पेशेंट्स को ताजा नारियल पानी ठीक रहता है, लेकिन सीमित मात्रा में। गर्मियों में सुबह खाली पेट नारियल पानी पीना सबसे ज्यादा फायदेमंद है। तेज धूप से कहीं लौटने के बाद के बाद यदि थकान और कमजोरी महसूस हो रही हो, उस समय भी नारियल पानी पीना बहुत फायदेमंद है। यदि हल्का सिरदर्द या थकान महसूस हो रही है, उस समय भी नारियल पानी पीना फायदेमंद है। भोजन के बाद नारियल पानी पीना हो तो कम से कम 1 घंटे का अंतराल रखें। *

अवेयरनेस

सृजन अरोड़ा

वैसे तो बच्चे को अपने मां-पिता से बहुत सारे गुण मिलते ही हैं, लेकिन वैज्ञानिक शोधों से ज्ञात हुआ है कि बच्चे में बहुत सारे हेल्थ इश्यूज, उसे अपनी मां से मिलते हैं। इस बारे में सभी पैरेंट्स जानना चाहेंगे।

# मां से बच्चे में ट्रांसफर होते हैं कई हेल्थ इश्यूज



बच्चे की सूरत का अपनी मां के समान होना, सामान्य माना जाता है। वास्तव में बच्चे की शक्ल-सूरत ही नहीं, सीरत और उसकी सेहत कैसी होगी, इसमें भी मां की भूमिका अहम होती है। वैज्ञानिक भी मानते हैं कि मां की हेल्थ अगर अच्छी रहेगी, वह अपनी हेल्थ का पूरा ध्यान रखे तो उसके बच्चे भी कई बीमारियों से बचे रहेंगे।

**माइटोकांड्रियल डीएनए:** शरीर की हर कोशिका में माइटोकांड्रिया होता है। किसी भी उम्र में व्यक्ति माइटोकांड्रियल डीएनए संबंधी बीमारियों का शिकार हो सकता है। मांसपेशियों की कमजोरी, तंत्रिका संबंधी समस्याएं, दृष्टि और सुनने में कमी तथा लैक्टिक एसिडोसिस मेटाबॉलिक डिसऑर्डर जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इनका स्थाई इलाज न होने की वजह से केवल इनके लक्षणों को नियंत्रित कर जटिलताओं से बच सकते हैं।

**आंखों से जुड़ी बीमारियां:** कई नेत्र रोग जैसे पैथोलॉजिकल मायोपिया (गंभीर निकट दृष्टि दोष) के जीन मां से विरासत में मिलते हैं। इसमें आंखों की संरचना में बदलाव आते रहते हैं। जिससे पर्मानेंट विजन लॉस होने की आशंका भी रहती है।

**बुद्धिमत्ता:** माना जाता है कि बुद्धिमत्ता परिवार में चलती है। लेकिन वैज्ञानिकों के अनुसार ऐसा मां के जीन के कारण होता है क्योंकि बुद्धिमत्ता से जुड़े जीन X क्रोमोसोम में पाए जाते हैं। चूंकि महिलाओं में दो X क्रोमोसोम होते हैं, इसलिए अधिकांश बच्चों की मानसिक बुद्धिमत्ता और सोचने-समझने का तरीका मां से मिलता-जुलता होता है।

**स्लीप-पैटर्न:** बच्चे की नींद संबंधी आदतें तय होने में आनुवांशिक जीन का योगदान होता है। अध्ययनों के अनुसार बच्चों में अनिद्रा के 31 से 58 प्रतिशत मामले मां से विरासत में मिलते हैं।

**एजिंग प्रोसेस:** मां से मिलने वाला माइटोकांड्रियल डीएनए, बच्चे में भी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को प्रभावित करता है। डीएनए में होने वाले म्यूटेशन से कोशिकीय ऊर्जा की उत्पादन क्षमता में कमी और ऑक्सीडेटिव तनाव बढ़ सकता है। यानी, शरीर में हानिकारक फ्री-रेडिकल्स जमा होने लगते हैं। यह धीरे-धीरे कोशिकाओं की कार्यक्षमता को घटाता है, जिससे बुढ़ापा जल्दी आने लगता है। अगर मां के माइटोकांड्रियल डीएनए में पहले से कुछ दोष या म्यूटेशन हैं, तो वही दोष बच्चे को भी मिलते हैं, जिससे उम्र बढ़ने की प्रक्रिया तेज हो सकती है।

**एडीएचडी:** बच्चे में एडीएचडी विकार (अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर) माता-पिता किसी से भी विरासत में मिल सकता है। लेकिन अध्ययनों से पता चला है कि इसमें मातृ जीन की भूमिका ज्यादा होती है। जीन के साथ कई अन्य कारक भी बच्चे में इस विकार की संभावना को बढ़ाते हैं जैसे- गर्भावस्था के दौरान तंबाकू का धुआं, शराब या अन्य मादक पदार्थों का सेवन, विषैले पदार्थों के संपर्क में आना, गर्भावस्था के दौरान मां का तनावग्रस्त रहना। इसके साथ ही जन्म के बाद मां की जीवनशैली, खान-पान का असर भी बच्चे पर पड़ता है।

**मूड डिसऑर्डर्स:** अध्ययनों से साबित हुआ है कि डिप्रेशन के लगभग 40-50 प्रतिशत और बाइपोलर डिसऑर्डर के 60-80 प्रतिशत मामलों के पीछे मातृ जीन का हाथ होता है। लेकिन जीवन में तनाव और अप्रत्याशित दुर्घटना जैसे बाहरी कारक भी बच्चे में मूड डिसऑर्डर विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

**ऑटोइम्यून डिजीजेज:** आनुवांशिक तौर पर मां से मिले माइटोकांड्रियल डीएनए की वजह से ल्यूपस, मल्टीपल स्क्लेरोसिस और रूमेटाइड आर्थराइटिस जैसी ऑटोइम्यून बीमारियां होने का खतरा रहता है। *

**(साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ एंडोक्राइन सोसाइटी, इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)**



फिटनेस फंडा

आरव चौधरी

सोनी सब के शो 'वीर हनुमान' में हनुमान के पिता केसरी का रोल प्ले कर रहे एक्टर आरव चौधरी अपनी फिटनेस का खास खयाल रखते हैं। अपनी फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए आरव क्या कुछ करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।

# कहीं भी रहूं, वर्कआउट जरूर करता हूं

एक्टर आरव चौधरी एक्टिंग के अलावा अपनी फिट बॉडी के लिए भी जाने जाते हैं। चाहे कितना भी बिजी शेड्यूल हो, वे वर्कआऊट के लिए टाइम जरूर निकालते हैं। अपने वर्क और फिटनेस रूटीन के बीच बैलेंस बनाकर चलते हैं, आरव चौधरी। अपने फिजिकल-मेंटल हेल्थ के लिए वे क्या करते हैं, अपनी डाइट और वर्कआउट रूटीन के बारे में डिटेल में यहां बता रहे हैं एक्टर आरव चौधरी।

**वर्कआउट रूटीन:** मेरा वर्कआउट रूटीन सिंपल है। मौसम अच्छा हो, तो दौड़ने चला जाता हूं और मौका मिला तो स्विमिंग भी कर लेता हूं। शूटिंग के दौरान घुड़सवारी अपने आप हो ही जाती है। इसके अलावा मैं चाहे कहीं भी जाऊं, अपने लिए जिम जरूर ढूंढ़ लेता हूं। अगर किसी ऐसे रिमोट एरिया में जाना हुआ, जहां कोई जिम नहीं है तो ऐसे में मैं कोई ऐसा घर ढूंढ़ लेता हूं, जहां दो-चार डंबल्स ही मिल जाएं, मैं उसी से वर्कआउट कर लेता हूं। लेकिन वर्कआउट करता जरूर हूं। मेरी कोशिश होती है कि हफ्ते में कम से कम पांच-छह दिन वर्कआउट जरूर करूं। मैं डेढ़ से दो घंटे एक्सरसाइज करता हूं। अगर समय कम हो, तो भी कम से कम पैंतालीस मिनट से एक घंटा तो डेली वर्कआउट करता ही हूं।

**फॉलो करता हूं हेल्दी डाइट प्लान:** मैं हमेशा सादा खाना खाता हूं। शूटिंग के दौरान भी दाल, रोटी, चावल, राजमा, बिना ग्रेवी वाला पनीर वगैरह साथ रखता हूं। इसके अलावा फ्रूट्स खाता हूं, प्रोटीन लेता हूं, व्हे प्रोटीन पीता हूं और दिन में अंडे खाता हूं। मुझे मीठा खाना बहुत पसंद है, लेकिन पिछले चार महीने से मैंने मीठा नहीं खाया है।

**मेंटल हेल्थ भी जरूरी:** ओवरऑल फिटनेस के लिए फिजिकल फिटनेस के साथ-साथ मेंटल हेल्थ का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। अच्छी मेंटल हेल्थ के लिए मैं प्रभु का नाम जपता हूं, ध्यान-साधना करता हूं। इसके अलावा मैं हमेशा वर्तमान में यानी आज में, अब में जीने की कोशिश करता हूं। मैं जहां भी रहता हूं, वहां हमेशा हंसी-खुशी, उल्लास, आनंद और प्रेम के साथ सबसे मिलकर रहने की कोशिश करता हूं। साथ ही मेरी कोशिश रहती है कि अपने आस-पास प्यार, हंसी-खुशी और आनंद बांट सकूं।

**मेरे फिटनेस आइडल:** मेरे सबसे बड़े फिटनेस आइडल हैं पवनपुत्र बजरंगबली हनुमान। उनके बाद बहुत से लोग हैं। हमारे ही देश के मनोहर आइच, जो मिस्टर इंडिया, मिस्टर वर्ल्ड और मिस्टर यूनिवर्स रहे हैं। एक सौ एक वर्ष की आयु तक जीवित रहे मिस्टर आइच और इस उम्र तक वे वर्कआउट करते रहे और लोगों को ट्रेन भी करते रहे। उनके अलावा, हॉकी के जादूगर ध्यानचंद, बॉक्सर मोहम्मद अली, हॉलीवुड एक्टर सिल्वेस्टर स्टेलोन, अर्नोल्ड श्वार्जनेगर। नेशनली-इंटरनेशनली बहुत सारे लोग हैं, जिनसे फिटनेस की इंस्पिरेशन ली जा सकती है। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

# बेमानी है सुरक्षा परिषद

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से भी पाकिस्तान खाली हाथ लौटा। वह यह राहत महसूस कर रहा होगा कि सुरक्षा परिषद में उसके खिलाफ न तो बयान जारी किया गया और न ही कोई प्रस्ताव पारित किया गया। यह तसल्ली होगी कि कश्मीर का मुद्दा आज भी जिंदा है और उसका अंतरराष्ट्रीयकरण किया जा सकता है। पाकिस्तान के आग्रह पर ही सुरक्षा परिषद के मई महीने के अध्यक्ष यूनान ने बैठक जरूर बुलाई और वह भी बंद कमरे में आयोजित की गई, लेकिन सारांशतः वह बैठक बेमानी ही रही। सुरक्षा परिषद की ओर से न तो कोई बयान जारी किया गया और न ही कोई प्रस्ताव पारित किया गया। पाकिस्तान भी 15 सदस्यीय शक्तिशाली सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य है। उसी लिहाज से भारत-पाक के तनाव और युद्ध सरीखे हालात के मद्देनजर बैठक बुलाई गई। पाकिस्तान से सख्त सवाल भी किए गए।